
हरिभूमि
# रायपुर भूमि




## श्रीराम...जग में सांचो तेरो नाम...



**रायपुर।** रामनवमी पर्व पर श्रीराम जन्मोत्सव राजधानी समेत देश-प्रदेश में धूमधाम से मनाया गया। साथ ही दुर्गा नवमी पर जोत-जंवारा कलश यात्रा भी शहर के विभिन्न इलाकों से निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालुओं ने श्रीराम का जयघोष किया। हाथों में भगवा झंडे लेकर लहराते हुए, डीजे की धुन पर शोभायात्रा भी निकाली। श्रीराम मंदिरों में दर्शन-आरती के लिए काफी भीड़ जुटी रही। जगह-जगह भोग भंडारे का प्रसाद लेने के लिए कतारें लगी रहीं। इस मौके पर जमकर आतिशबाजी भी की गई।



## खबर संक्षेप

### प्लास्टिक फैक्ट्री में आग लगने से मचा हड़कंप

**रायपुर।** आमानाका थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात 9 बजे के करीब एक प्लास्टिक फैक्ट्री में आग लगने से हड़कंप मच गया। मौके पर फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने पहुंचकर एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस के अनुसार, टाटीबंध से आगे कुम्हारी रोड में एक प्लास्टिक फैक्ट्री में लोगों ने अचानक धुंआ उठते देख फायर ब्रिगेड के साथ पुलिस को आग लगने की सूचना दी। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

### मोबाइल चोरी कर अकाउंट से 96 हजार किए पार

**रायपुर।** उरला थाने में एक व्यक्ति ने एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ मोबाइल चोरी कर यूपीआई से 96 हजार रुपए आहरित करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिरगांव बंजारी नगर निवासी अदालत यादव ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। अदालत ने देव कुमार मधुकर पर मोबाइल चोरी कर यूपीआई से रकम आहरित करने शंका व्यक्त की है। अदालत ने पुलिस को बताया कि उसे आशंका है कि देव कुमार ने मोबाइल चोरी कर उसके यूपीआई का इस्तेमाल कर किसी दूसरे के अकाउंट में रकम ट्रांसफर किया है।

### एनडीपीएस एक्ट में चार को सात साल कैद-जुर्माना

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व कोकीन के साथ पकड़े चार आरोपियों को विशेष न्यायाधीश किरण थवाईत की एनडीपीएस कोर्ट ने सात-सात साल कैद के साथ एक-एक लाख जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार, कोर्ट ने शुभांक पॉल, सिद्धार्थ पाण्डेय, सागर पीटर, सौम्य चक्रवर्ती को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस ने चारों के कब्जे से 17 मई 2025 को गांजा जब्ती की थी।

### घर के सामने लघुशंका से मना करने पर मारपीट

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक युवक ने दो लड़कों के खिलाफ घर के सामने लघुशंका से मना करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। लालपुर निवासी खिलेश्वर साहू ने अजय मिथिलेश के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। खिलेश्वर ने पुलिस को बताया कि दोनों लड़के उसके घर के पास पेशाब कर रहे थे।

# दिल्ली जाने 5 अप्रैल से 24 तक हर दिन सिर्फ 2 ट्रेन, वेटिंग लंबी इसलिए कन्फर्म की उम्मीद खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अप्रैल के शुरुआत में दिल्ली और मुंबई की ट्रेनों के रद्द होने के बाद अब लोगों ने दूसरी ट्रेनों में बुकिंग तेज कर दी है। रेलवे ने 5 अप्रैल से 24 तक 14 ट्रेनों को रद्द किया है, जो रायपुर से होकर गुजरती हैं। छत्तीसगढ़, एलटीटी एक्सप्रेस, गोडवाना, समेत ज्ञानेश्वरी, समता एक्सप्रेस ट्रेनों के एक साथ रद्द होने से यात्री अब दिल्ली के लिए संपर्क क्रांति, राजधानी, हमसफर एक्सप्रेस को चुन रहे हैं। वही मुंबई के लिए समरसता व हावड़ा मेल को अपना नया विकल्प बना रहे हैं। बता दें कि 5 से 24 के बीच दिल्ली के लिए हर दिन दो ट्रेन का विल्कप बना हुआ है, जो सामान्य दिनों में चार तक होता है। मुंबई रूट की तुलना में दिल्ली की ट्रेनों में ▶▶|शेष पेज 11 पर

### लाखों यात्री अप्रैल में होंगे परेशान

रेलवे ने जिन ट्रेनों को रद्द करने का फैसला लिया है, वह सभी लंबी दूरी की ट्रेन है। इसमें हर समय यात्रियों की भीड़ रहती है। छत्तीसगढ़, एलटीटी एक्सप्रेस, गोड़वाना, समेत ज्ञानेश्वरी , समता एक्सप्रेस के रद्द होने से लाखों यात्री अप्रैल महीने में परेशान होंगे। यह सभी ट्रेन दिल्ली, मुंबई, भोपाल, मथूरा समेत भोपाल व विशाखापट्टनम जाने वाली प्रमुख ट्रेन है। यह ट्रेन कम समय में दूरी तय करती है। इस वजह से यह ट्रेन यात्रियों की हर समय पसंदीदा रहती है। गर्मियों की छुट्टी और शादियों के सीजन के बीच ट्रेनों के रद्द होने से यात्री परेशान होंगे।

- ट्रेनों के रद्द होने के बाद दूसरी ट्रेनों में यात्रियों को नहीं मिल रहा कन्फर्म टिकट
- छत्तीसगढ़, एलटीटी एक्सप्रेस, गोड़वाना समेत ज्ञानेश्वरी, समता एक्सप्रेस के रद्द होने से लाखों यात्री अप्रैल में होंगे परेशान



### मुंबई जाने गीतांजलि एक्सप्रेस पर दबाव अधिक

रायपुर से मुंबई जाने के लिए अप्रैल में दिन में दो से तीन ट्रेनों की सुविधा मिलेगी। इस बीच ज्ञानेश्वरी और एलटीटी एक्सप्रेस रद्द है, जिसके बाद अब यात्रियों को गीतांजलि, हावड़ा मेल और समरसत्ता एक्सप्रेस में टिकट तेज से बुक हो गए। अब इन ट्रेनों में वेटिंग भी लंबी हो चुकी है। किसी में 50 से 60 के बीच वेटिंग और आरएसी पहुंच गया है।बता दें कि तीनों ट्रेनों में सीटों की संख्या स्लीपर, एसी में खत्म हो चुकी है।महीने के अंत तक मांग बढ़ने से रेलवे नो रूम भी कर सकता है। अप्रैल में गीतांजलि एक्सप्रेस यात्रियों का दबाव बढ़ेगा।

### यह ट्रेन रहेगी रद्द

- 4 अप्रैल से 24 तक 18030 मुंबई एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 6 अप्रैल से 26 तक 18029 शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 5 अप्रैल से 25 तक 18237 कोरबा-छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 7 अप्रैल से 27 तक 18238 अमृतसर-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 12410 हज़रत निजामुद्दीन से गोडवारा एक्सप्रेस अप्रैल में 02, 04, 06, 07, 08, 09, 11, 13, 14, 15, 16, 18, 20, 21 व 22 को रद्द रहेगी।
- 12409 रायगढ़ से गोडवारा एक्सप्रेस अप्रैल में 04, 06, 08, 09, 10, 11, 13, 15, 16, 17, 18, 20, 22, 23 व 24 .को रद्द रहेगी। ▶▶|शेष पेज 11 पर

# पारा 39 डिग्री पहुंचते ही बदला शहर का मौसम, तेज हवा के साथ बारिश भी, दो दिन ऐसे ही रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के राज्य में सर्वाधिक गर्म होने और पारा 39 डिग्री होते ही मौसम का मिजाज बदल गया। तेज गर्मी के बाद दोपहर बादल छाए, जो गरजने के बाद काफी देर तक बरसे। इस दौरान शहर में तेज गति से हवा भी चली। अगले दो दिन मौसम का मूड बिगड़े रहने की संभावना है। पिछली बार भी शहर में गर्मी बढ़ने के बाद मौसम तंत्रिका सक्रिय हुई थी, जिसके बाद मौसम बदल गया था। इस सीजन में मार्च में दो बार रायपुर का अधिकतम तापमान 39 डिग्री तक पहुंचा है। ऐसा होने के बाद मौसम बदलने और बादल-बारिश जैसी गतिविधि बन गई थी। ▶▶|शेष पेज 11 पर

- सर्वाधिक गर्म रही राजधानी, मौसम के बदलाव से बढ़ेगी उमस



### ये हैं सिस्टम

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अभी एक पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के रूप में 5.8 किलोमीटर पर 76 डिग्री पूर्व और 32 डिग्री उत्तर में स्थित है। दूसरा विक्षोभ ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में पश्चिमी ईरान और उसके आसपास विस्तारित है। एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम विहार से मणिपुर तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक मौजूद है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उड़ीसा और उसके आसपास सक्रिय है।

# विदेशी नागरिकों के साथ ठगी कांड में ईडी की इंट्री, पुलिस से मांगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यूएसए में छोटे लोन लेने के इच्छुक लोगों से ठगी करने वाले मामले में अब ईडी की इंट्री हो गई है। ईडी ने पुलिस ने पूरे प्रकरण की रिपोर्ट मांगी है। वहीं जालसाज गिरोह को लेकर पुलिस आने वाले दिनों में और बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। यूएसए के लोगों के साथ छह चरणों में ठगी की जा रही थी, उसमें से दो चरण का काम रायपुर में फर्जी कॉल सेंटर के जालसाज करते थे। तीन चरण का काम अहमदाबाद में बैठे मास्टर माइंड करते थे। एक चरण का काम चाइना से होता था। ठगी का लिंक रायपुर तथा ▶▶|शेष पेज 11 पर

- जांच के लिए एक टीम अहमदाबाद भेजने की जा रही तैयारी


कॉल सेंटर से ठगी का नेटवर्क अहमदाबाद से चाइना तक, छह चरणों में यूएसए के लोगों से जालसाजी

### जरूरत पड़ने पर केंद्रीय एजेंसी से भी जांच

कॉल सेंटर की आड़ में ठगी करने की जांच जारी है। जांच में जैसे-जैसे तथ्य सामने आएंगे, उस लिहाज से जांच की दिशा तय की जाएगी। साथ ही जरूरत पड़ने पर केंद्रीय एजेंसी से भी जांच कराई जाएगी। अभी इस संबंध में कुछ भी बोलना जल्दबाजी होगी।

- डॉ. संजीव शुक्ला, पुलिस कमिश्नर रायपुर

### ठगी करने का यह है तरीका

- ठगी करने सबसे पहले ठग डाटा जुटाते हैं, इसके लिए ऑपरेटर डेटा ब्रोकरों या डार्क वेब से डाटा खरीदते हैं
- अमेरिकी लोगों तक जालसाज दो तरह से पहुंचते हैं या तो बैंक अधिकारी या टेक सपोर्ट बनकर या फिर झूठे विज्ञापन देकर जो सोशल मीडिया पर नजर आते हैं
- संपर्क होने पर ठग अमेरिकी व्यक्ति को उसके बारे में जानकारी देकर ये भरोसा दिलता है कि वो ऑथेंटिक है
- पूरी तरह से झांसा में लेने के बाद मनोवैज्ञानिक दबाव बनाकर डराया जाता है, जैसे उसका कंप्यूटर हैक हो गया है या बैंक खाता खाली हो रहा है, या वे गिरफ्तार होने वाले हैं
- उनसे जरूरी जानकारी हासिल कर खाते से रकम पार की जाती है या डर दिखाकर उनसे पैसे खुद ट्रांसफर कराए जाते हैं
- ठगी की राशि म्यूल अकाउंट, फर्जी कंपनियों और अंतरराष्ट्रीय हवाला नेवर्क तथा क्रिप्टो करेंसी के जरिए भारत में लाई जाती है

### जरूरत पड़ी तो केंद्रीय एजेंसी की मदद लेंगे

ठगी में इंटरनेशनल लिंक (चाइना) का नाम सामने आने के बाद केंद्रीय एजेंसी ने पुलिस कमिश्नरेट से जानकारी मांगी है। ठगी की जांच की दिशा जैसे-जैसे आगे बढ़ेगी, पुलिस को जांच के दौरान जो तथ्य मिलेंगे, रायपुर पुलिस कमिश्नर जांच के लिए केंद्रीय एजेंसी की मदद ले सकते हैं।




### खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में देशभर से पहुंचे विभिन्न विधाओं के खिलाड़ी

# पिता ने दूर किया पानी का खौफ, स्वीमिंग में 'गोल्डन गर्ल' बनी महाराष्ट्र की बेटी, एक सांस में सौ मीटर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में खिलाड़ियों के संघर्ष को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है। महाराष्ट्र की 16 वर्षीय तन्वी धुर्वे ने 100 मीटर बटरफ्लाई स्विमिंग में अपने राज्य के लिए पहला गोल्ड मेडल जीता है। बातचीत के दौरान तन्वी ने बताया कि बचपन में उन्हें पानी से बहुत डर लगता था, लेकिन उनके पापा ने हमेशा उन्हें पानी के करीब रखा। जब पानी का डर दूर हुआ, तो उनका आत्मविश्वास मजबूत हुआ और फिर उन्होंने पानी को ही अपना सब कुछ बना लिया। तन्वी बताती हैं कि अब उनमें एक ही सांस में 100 मीटर तक स्विमिंग करने की क्षमता आ चुकी है। हाल ही में ▶▶|शेष पेज 11 पर



### पिता के लिए चोट में भी झेली, मिला गोल्ड मेडल

वेटलिफ्टिंग में गांव से लेकर राजमिस्त्री की बेटी मोनिखा सोनोवाल ने 48 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण गोल्ड जीता है। बातचीत में मोनिखा ने बताया कि वेटलिफ्टिंग की शुरुआत सुविधाओं के अभाव से हुई है। सपना था कि खेल में कुछ बेहतर करना है। भारत के किसी खिलाड़ी को जीतते हुए देखती थी, तो उस जगह पर पहुंचने की इच्छा होती थी। वेटलिफ्टिंग में आगे बढ़ने के दौरान ट्रेनिंग, पोषण, मार्गदर्शन जैसी चीजों में ▶▶|शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### दुर्गाष्टमी पर हवन के बाद किया भंडारा

**कूंरा।** नगरपंचायत कूंरा में देवा देवालय सहित 4 घरों में स्थापित किए गए ज्योत जवारा स्थल पर 26 मार्च अष्टमी को हवन पूजा कर भंडारा कार्यक्रम आयोजित कर भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया इस दौरान समस्त स्थानों पर भक्तों की जनसैलाब बड़ी संख्या में उपस्थित रहा , वही 27 मार्च नवमी को जवारा विसर्जन का माता सेवा भजन के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाल कर रानी सागर शीतला तालाब में बने विसर्जित कुंड में विसर्जन किया गया । इस दौरान कड़ी धूप के बावजूद अंत तक नगर के भक्तगण बड़ी संख्या में शामिल रहे ।

### आईडीबीआई बैंक घोटाले पर दो आरोपी जेल दाखिल

**कूंरा।** 5 मार्च को प्रार्थी नरेन्द्र कुमार वर्मा पिता कमलनारायण वर्मा (38) की नामजद रिपोर्ट पर आरोपी राजा खुंटे पिता भक्तुराम खुंटे उम्र 35 साल पता जुनवानी थाना पलारी के विरूद्ध भादंवि की धारा 420 भा.द.वि.. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जांच में घटना स्थल निरीक्षण, प्रार्थी व गवाहों के कथन जप्त दस्तावेजों जैसे एफ. डी. पेपर, बैंक का काउंटर पावती रसीद, म्युच्यल बाण्ड पेपर, एवं जप्त एफ.डी. पेपर का आई. डी. बी. आई. बैंक शाखा चरोदा से प्राप्त परीक्षण रिपोर्ट पर से मामले में अपराध धारा 467, 468, 471 जोड़ी गई है। 27/03/2026 के 11.30 एवं 11.40 बजे सभी कानूनी प्रावधानो का पालन करते हुए मामले में संलिप्त अन्य 02 आरोपी तोप सिंह वर्मा पिता स्व. समारूराम वर्मा उम्र 49 साल पता कुम्ही थाना बेरला जिला बेमेतरा हाल संचालक वर्मा प्रिन्टर्स एण्ड कम्प्युटर दुकान धरसींवा जिला रायपुर एवं आरोपी (02) बलराम साहू पिता होरीलाल साहू उम्र 25 साल पता थाना धरसींवा जिला रायपुर को विधिवत गिरफ्तार किया कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### संजय का यूपीएससी में चयन होने पर सम्मान

**अभनपुर।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी ) सिविल सेवा परीक्षा 2025 में 946वीं रैंक प्राप्त कर प्रदेश एवं समाज का नाम रोशन करने वाले संजय डहरिया के अभनपुर प्रथम आगमन पर सतनाम सन्देश यात्रा संघ, सतनामी समाज अभनपुर द्वारा भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उन्हें पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया तथा उनकी इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**// सूचना-पत्र //**
क्रमांक /क/ वाचक/ ना. तह./ 2025 2026 रायपुर दिनांक 20/03/2026
प्रति,
संतोष गुप्ता पिता सुरज गुप्ता निवासी गुढ़ियारी तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
विषयः- राजस्व मामला क्रमांक/ / अ-6/वर्ष 2024-2025 पक्षकार श्रीमती चन्द्रकला साहू विरूद्ध शासन ग्राम गुढ़ियारी प.ह.नं. 49, तहसील व जिला रायपुर में पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित होने बाबत।
विषयांकित संबंध में लेख है कि आवेदिका श्रीमती चन्द्रकला साहू पति श्री जीतेन्द्र कुमार साहू निवासी जय साई विद्या मंदिर के सामने, गोकूल नगर, चिरहुलडीह, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम गुढ़ियारी प.ह.नं. 49, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 981/4, रकबा 0.0050 हे., याने 575 वर्गफुट भूमि है वर्तमान में राजस्व अभिलेख पर विक्रेता के नाम दर्ज है उपरोक्त वर्णित भूमि को आवेदिका ने विक्रेता श्री छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता श्री संदीप कुमार साहू पिता श्री गन्नू राम साहू निवासी विधानगर वार्ड नं. 19 परसदा रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 01.08.2025 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। जो कि उप पंजीयक कार्यालय रायपुर में पु.क. अ-1 ग्रंथ क्रमांक 76552, पृष्ठ क. 263 से 283, दस्तावेज का नंबर सी.जी. 2025-26-102-1-2097 देकर विधिवत पंजीकृत किया गया है अतः उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदिका अपना नाम भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है। उक्त प्रकरण में आवेदित भूमि के विक्रेता/वर्तमान भूमिस्वामी है, इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 30/03/2026 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा। आज दिनांक 20/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।
मुहर
**नायब तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)**

## पर्व : कन्याओं की पूजा की और भोजन कराके दिए उपहार

# जोत-जंवारा विसर्जन, शोभायात्रा में बानाधारी युवकों ने किया आकर्षित

**भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पाया प्रसाद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा




तिल्दा नेवरा में चैत नवरात्रि के पावन पर्व पर सभी देवी मंदिरों के जवारा विसर्जन का कार्यक्रम शुक्रवार को धूमधाम से किया गया। जवारा विसर्जन में शहर के सभी देवी मंदिरों से विसर्जन के लिए अलग-अलग जुलुस निकाला गया .., नेवरा महामाया शीतला माता मंदिर के जवारा के साथ घरों में बोई गईं जवारा को नेवरा बड़े तालाब में ले जाया गया। जबकि मावली माता मंदिर का जोत जवारा तिल्दा बस्ती के छोटे शीतला तालाब में विसर्जित किया गया । इस मौके पर नगर के दर्शनार्थी हजारों की संख्या में उपस्थित होकर माता का दर्शन कर माता के बिदाई यात्रा में शामिल हुए । माता सेवा समिति वाले नाचते-गाते सेवा गीत गाकर उत्साह से आगे आगे बढ़ रहे थे . जुलुस में कई भक्त जीभ गाल और शरीर के दुसरे हिस्सों में बाना-सांगा धारण किए हुए जुलुस में आगे आगे चल रहे थे ,वही बड़ी संख्या में युवक-युवतियां माता सेवा की धुन में नाचते-झूमते चल रही थी।,

अष्टमी को हवन के बाद शुक्रवार को जवारा विसर्जन में श्रद्धा का सैलाब उमर पाड़ा सर पर कलश और जावरा धारण करके मावली गीत गाते हुए विसर्जन स्थल भक्तों की भीड़ पहुंची ।इनमें कई लोग ने बाना धारण करके अपनी कठोर भक्ति का परिचय दिया । नेवरा बड़ा तालाब और तिल्दा पुरानी बस्ती तालाब सहित कई स्थलों पर जवारा विसर्जन करने के लिए भक्तों का मेला लगा रहा ।चैत्र नवरात्रि शुरू होने के साथ ही जवारा बोया गया था नवमी को देवी की पूजा अर्चना के बाद सिर में जावरा लेकर महिला पुरुष विसर्जन के लिए निकले ।

रामनवमी को लेकर सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली ।लोग कन्या पूजन के पहले माता के चरणों में प्रसादी लेकर पहुंचे थे। सुबह 11 बजे आस्था का केंद्र माने जाने वाले महामाया मंदिर से विधि विधान के साथ जोत जवारा की पूजा अर्चना कर विसर्जन के लिए शोभा यात्रा निकाली गई । यात्रा शुरू होने के पहले ही मंदिर प्रांगण भक्तों की भीड़ से भर चुका था। शोभायात्रा के आगे जस सेवा की मंडलिया मौली गीत गाते चल रही थी । उनके पीछे बाना -सांग धारण किए भक्त चल रहे थे। कुछ ही कदम दूरी पर सफेद धोती बनियान पहने कतार बद्ध होकर भक्त सिर पर ज्योति कलश और जावरा लेकर चल रहे थे। बीच में कई महिलाएं और पुरुष उनके चरणों में आकर लेट रहे थे और सिर पर जोत जवारा रखे भक्त उनके ऊपर से आगे बढ़ रहे थे। इस दौरान कई महिला झूमते हुए दिखीं । मां के प्रति आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे। लगभग डेढ़ घंटे बाद जोत जवारा जुलूस नेवररा बड़े तालाब पहुंचा जहां विधि विधान के साथ विसर्जन कार्य संपन्न हुआ।

इसी तरह पुरानी बस्ती के प्रचीन मावली माता मंदिर से धूमधाम के साथ जवारा विसर्जन जुलूस निकाला गया ।जस गीत और बाजे गाजे के साथ निकले माता के विदाईयात्रा में शामिल होने हजारो की संख्या में सुख समृद्धि की कामना के साथ शामिल हुए । यहां जोत जवारा का विसर्जन छोटे शीतला तालाब में किया गया।समिति के अध्यक्ष दिलीप देवांगन ने बताया कि चैत्र नवरात्र में 485 मनोकामना ज्योत प्रज्वलित की गई थी। इसके पहले राम नवमी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन कर विधि-विधान से श्रद्धालुओं ने माता के जयकारे लगाते हुए पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

### शोभायात्रा निकालकर ज्योत जंवारा का किया विर्सजन

अभनपुर। चैत्र नवरात्रि के नौ दिवसीय पूजा-अर्चना और आराधना के पश्चात अब क्षेत्र में ज्योत जंवारा विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया है। नवरात्रि की समाप्ति के साथ ही अभनपुर नगर भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया। नगर के विभिन्न वार्डों की तरह वार्ड क्रमांक 10, ऊपरपारा में भी श्रद्धा और उत्साह के साथ ज्योत जंवारा विसर्जन यात्रा निकाली गई। इस दौरान महिलाएं सिर पर ज्योत जंवारा लेकर पारंपरिक वेशभूषा में शोभायात्रा में शामिल हुईं। सेवा गीतों और माता रानी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय रहा। भक्तों ने अपने घर में ज्योत जंवारा की स्थापना कर नौ दिनों तक विधि-विधान से माता की पूजा-अर्चना की पश्चात नवमी के दिन श्रद्धालुओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार जंवारा विसर्जन यात्रा निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और युवा शामिल हुए।

## माता कर्मा मानवता और भक्ति की प्रतिमा : शर्मा

**सिलयारी।** धरसीवाँ विधानसभा के ग्राम मुरा ,बंगोली में भक्त माता कर्मा की जयंती का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर क्षेत्रीय विधायक श्री अनुज शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि माता कर्मा केवल साहू समाज की आराध्य नहीं हैं, बल्कि वे पूरी मानवता के लिए भक्ति और साहस की प्रतीक हैं। माता कर्मा का जीवन हमें सिखाता है कि सच्ची भक्ति में इतनी शक्ति होती है कि ईश्वर भी भक्त के अधीन हो जाते हैं।उन्होंने सिखाया कि भगवान भाव के भूखे होते हैं। जिस तरह उन्होंने भगवान जगन्नाथ को खिचड़ी खिलाई, वह इस बात का प्रमाण है कि अगर भक्ति सच्ची हो, तो ईश्वर को भी भक्त के वश में होना पड़ता है। अपन संस्कृति, अपन चिनहारी'। माता कर्मा ने हमें अपनी जड़ों से जुड़ना सिखाया। इस अवसर पर विधायक ने साहू समाज भवन में शेड निर्माण कराने की घोषणा किए जिस पर सामाजिक पदाधिकारियों ने धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने ग्रामीणों से भेंट कर गांव के विकास कार्यों पर चर्चा की।इस अवसर विधायक अनुज शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल सहित साहू समाज के पदाधिकारी, ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## बाइक ट्रक में घुसी, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



शहर में तेज रफ्तार वाहनों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है ।शुक्रवार को तिल्दा खररो मार्ग पर स्थित ग्राम नेवरा तुलसी के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सीमेंट से भारी ट्रक के पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर ट्रक के पीछे चक्के घुस गईहै ।,चालक वाहन में ब्रेक लगाता इसके पहले ट्रक बाइक सवार युवक को कुचलते आगे बढ़ गई ,जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई । मृतक तिल्दा थाना क्षेत्र के ग्राम सुंगेरा का रहने वाला है वो, शादियों में बाजा बजाता हथा ।

शुक्रवार शाम लगभग 6 बजे ट्रक क्रमांक सीजी 08-AU 0594 अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र बैकुंठ से सीमेंट भरकर तिल्दा की ओर आ रही थी । इसी बीच ग्राम तुलसी के पास पीछे से तेज रफ्तार बाइक चलाता आ रहा एक युवक अनियंत्रित होकर ट्रक के पीछे चक्के के नीचे चला गया। ट्रक के नीचे जाते ही बाइक घसीटती ट्रक बाहर चली गई, चालक ट्रक को ब्रेक लगता है इसके पहले ही ट्रक का चक्का उसके शरीर के ऊपर से पर हो गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। खबर मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तत्काल घटना स्थल से उठाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । बताया जाता है युवक बाजा बजाने के लिए ग्राम लखना जा रहा था। पुलिस ने वाहन जप्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है..।

### अनियंत्रित हाईवा नाली में घुसा, टला बड़ा हादसा

तिल्दा खरोरा मार्ग पर नेवरा तुलसी में स्थित विधायक कार्यालय के पास एक तेज रफ्तार आ रही हाईवा अनियंत्रित होकर सड़क से उतरकर एक घर के सामने नाली के ऊपर जाकर रुक गया। गनीमत यह है कि इस हादसे के दौरान मौके पर कोई नहीं था । हालांकि15से 20 कदम दुरी पर नाली के पास में बच्चे खेल रहे थे ..।जिस स्थान पर यह हादसा हुआ है वर्तमान में सबसे व्यस्ततम जगहो में से एक है । जहां दिन भर लोगों की आवा जाहीबनी रहती है .।जिस नाली के ऊपर हाईवा जाकर रुकी है वहां एक पक्का घर भी है गनीमती है कि घर के लोग घर के अंदर में थे ,और हाइवा घर से से 4 कदम पहले बाद होकर रुक गई अन्यथा बहुत बड़ा हादसा हो जाता।इस संदर्भ में जब पुलिस से पूछा गया तो पुलिस ने दो टूक जवाब दिया हमें इस हादसे की कोई जानकारी नहीं है ।

## हिंदू नववर्ष मनाया और शोभायात्रा निकाली



**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सड्डु मे युवा शक्ति संगठन द्वारा पुरानी बस्ती गुड़ी चौक स्थित श्रीराम मंदिर में पूजा अर्चना कर चैत्र नवरात्रि के पर्व पर भव्य शोभा यात्रा निकाल कर हिन्दू नववर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। गली भ्रमण के दौरान लोग घरों से निकलकर भगवान श्रीराम, सीता माता के मूर्ति की पूजा आरती की साथ ही लोगो को प्रसाद वितरण किया गया। इस यात्रा से पूरा गांव भक्तिमय से सराबोर हो गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष लोकनाथ साहू, उपाध्यक्ष संतोष निषाद सचिव सुरेन्द्र साहू सलाहकार धर्मेंद्र वर्मा संरक्षक डॉ नरेंद्र यादव, सदस्य टेक राम साहू, सुरेश निषाद, ऋषभ साहू, भास्कर साहू, डोमार साहू, भूपेंद्र सेन, सनत पाल, अश्वनी साहू, उत्तम साहू, टिकेंद्र साहू, पुष्कर निषाद, रणवीर पटेल आदि लोगो का सहयोग सराहनीय रहा।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु रायपुर शहर एवं आसपास के क्षेत्र में 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 + इंसेन्टिव
Resume Whatsapp करें
8224868411
9827555678
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

## पालिका में विकास धीमा, पार्षद ने सौंपा ज्ञापन और दी चेतावनी

**अभनपुर।** नगर पालिका परिषद अभनपुर में विकास कार्यों की धीमी गति और अव्यवस्थाओं को लेकर पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष रूपनारायण साहू ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं पालिका सीएमओ अभनपुर को ज्ञापन सौंपकर नगर की विभिन्न समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया है। ज्ञापन में बताया गया है कि नगर क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य लंबित हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था की कमी, साफ-सफाई की खराब स्थिति, तथा अवैध अतिक्रमण जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से सामने आए हैं। इसके अलावा, पार्षद साहू ने आरोप लगाया है कि कुछ कर्मचारियों द्वारा अवैध वसूली की जा रही है, जिससे नागरिकों में असंतोष बढ़ रहा है। वार्ड क्रमांक 9 में स्वीकृत विकास कार्यों को पीआईसी द्वारा रोके जाने का भी मुद्दा उठाया गया है। वहीं, नगर में बेहतर सफाई व्यवस्था के लिए 15वें वित्त आयोग के तहत जेसीबी मशीन खरीदी जाने की मांग भी की गई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पार्षद प्रतिनिधियों का अनावश्यक हस्तक्षेप बंद किया जाए और शासन व विधायक द्वारा स्वीकृत कार्यों के कार्यादेश शीघ्र जारी किए जाएं। पार्षद रूपनारायण साहू ने स्पष्ट किया है कि यदि 10 दिनों के भीतर इन समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता है, तो नगर पालिका परिषद अभनपुर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष भरत बैंस, जनपद उपाध्यक्ष खेलू साहू,पार्षद आसकरण गिलहरे,पार्षद चंपा लेदेकर, खुशवंत सिन्हा, लिलेश सिन्हा,राजा राय,वेदप्रकाश ठाकुर, धनेश्वर साहू, झड़ी पटेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



### जोत-जवांरा की सेवा में समर्पित सेवकद्वय

**रायपुर।** मठपुरैना वाटर फिल्टर प्लांट परिसर में स्थित सर्व सिद्ध श्री हनुमान मंदिर में नवारात्रि पर स्थापित ज्योत कलशों की नीलकंठ सारथी और रामचरन पटेल सेवा की।

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री सुधीर वर्मा पिता श्री बलदाऊ वर्मा निवासी तरूण नगर, सुंदर नगर रायपुर से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का ग्राम चेटुवा रा.नि.मं. आनंदगांव तहसील बेरला जिला बेमेतरा स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 724, 726, 733, 734, 735, 736, 737, 739, 740, 741, 742, 746, 747, 748, 749, 750 एवं 751 कुल रकबा 3.43 हे., को क्रय करने का सौदा पक्का कर लिया है। उक्त क्रय विक्रय में यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, बोर्ड, निगम, प्राधिकारण आदि को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के इस सूचना प्रकाशन से 7 दिनों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत करें अन्यथा बाद गुजरने म्याद विक्रय पत्र की लिखापढ़ी एवं रजिस्ट्री करा ली जावेगी एवं उस दशा में प्राप्त आपत्ति झूठी एवं नाजायज करार दी जावेगी तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी भी नहीं होगी। अतः ताकीद जाने ।
**रायपुर**
**दिनांक 27.03.2026**
**सुधीर अग्रवाल**
**अधिवक्ता**
**डी-172-173, सेक्टर-5, देवेन्द्र नगर, रायपुर**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री प्रशांत वर्मा पिता श्री बलदाऊ वर्मा निवासी तरूण नगर, सुंदर नगर रायपुर से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का ग्राम चेटुवा रा.नि.मं. आनंदगांव तहसील बेरला जिला बेमेतरा स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 728, 729, 730, 731, 732, 606, 681, 581/1, 689, 692, 715, 716, 717, 718, एवं 727 कुल रकबा 3.75 हे., को क्रय करने का सौदा पक्का कर लिया है। उक्त क्रय विक्रय में यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, बोर्ड, निगम, प्राधिकारण आदि को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के इस सूचना प्रकाशन से 7 दिनों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत करें अन्यथा बाद गुजरने म्याद विक्रय पत्र की लिखापढ़ी एवं रजिस्ट्री करा ली जावेगी एवं उस दशा में प्राप्त आपत्ति झूठी एवं नाजायज करार दी जावेगी तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी भी नहीं होगी। अतः ताकीद जाने ।
**रायपुर**
**दिनांक 27.03.2026**
**सुधीर अग्रवाल**
**अधिवक्ता**
**डी-172-173, सेक्टर-5, देवेन्द्र नगर, रायपुर**

**न्यायालय भाड़ा नियंत्रक रायपुर, छत्तीसगढ़**
**// ईश्तहार //**
**प्रकरण क्र. 21-ब/ 121 वर्ष 2024-25**
**भातखण्डे ललिता शिक्षा समिति वि. श्री अतुल पाण्डेय**
क्रमांक /257/आर.सी.ए./2026
रायपुर, दिनांक 23/02/2026
प्रति,
श्री अतुल पाण्डेय पिता-स्व. एस.बी. पाण्डेय द्वारा श्री राजीवलोचन श्रीवास्तव निवासी-शॉप/आफिस नं. 31-32 गुरुकुल काम्प्लेक्स कालीबाड़ी रोड तह. व जिला रायपुर (छ.ग.)
**विषय :- प्रकरण में पक्ष समर्थन हेतु न्यायालय में उपस्थित होने बाबत।**
इस न्यायालय के विचाराधीन प्रकरण क्र. 21-ब/121 वर्ष 2024-25 आवेदक भातखण्डे ललिता शिक्षा समिति पंजीकृत संस्था द्वारा सचिव श्रीमती शोभा खण्डेलवाल पता गुरुकुल परिसर कालीबाड़ी रोड रायपुर के द्वारा आपके विरुद्ध छ.ग. भाड़ा नियंत्रण अधिनियम 2011 के तहत इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य के शॉप नं. 31-32 गुरुकुल काम्पलेक्स कालीबाड़ी रोड रायपुर स्थित मकान का बकाया किराया राशि दिलाये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण, दिनांक 13.04.2026 को सुनवाई हेतु नियत है। अतएव आप प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 13.04.2026 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध न्यायालय के आदेशानुसार आगे की कार्यवाही की जावेगी।
आज दिनांक 23/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
मुहर
**भाड़ा नियंत्रक रायपुर**

**न्यायालय भाड़ा नियंत्रक रायपुर, छत्तीसगढ़**
**// समाचार पत्र में ईश्तहार प्रकाशन //**
**प्रकरण क्र. 30-90 (6) वर्ष 2024-25**
**भातखण्डे ललिता शिक्षा समिति वि. श्रीमती सुधा पाण्डेय**
क्रमांक/258/आर.सी.ए./2026 रायपुर,
दिनांक 23/2/2026
प्रति,
श्रीमती सुधा पाण्डेय पति श्री राजेश पाण्डेय निवासी-शॉप/आफिस नं. 40, गुरूकुल काम्प्लेक्स कालीबाड़ी रोड तह. व जिला रायपुर (छ.ग.)
विषयः- प्रकरण में पक्ष समर्थन हेतु न्यायालय में उपस्थित होने बाबत।
इस न्यायालय के विचाराधीन प्रकरण क्र. 30-90 (6) वर्ष 2024-25 आवेदक भातखण्डे ललिता शिक्षा समिति पंजीकृत संस्था द्वारा सचिव श्रीमती शोभा खण्डेलवाल पता गुरूकुल परिसर कालीबाड़ी रोड रायपुर के द्वारा आपके विरूद्ध धारा 12(2) की अनुसूची 2 के स.क्र. 11(ज) छ.ग. भाड़ा नियंत्रण अधिनियम 2011 के तहत इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य के शॉप नं. 40 गुरूकुल काम्पलेक्स कालीबाड़ी रोड रायपुर स्थित दुकान रिक्त आधिपत्य एवं बकाया किराया राशि दिलाये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण, दिनांक 13.04.2026 को सुनवाई हेतु नियत है। अतएव आप प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 13.04.2026 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध न्यायालय के आदेशानुसार आगे की कार्यवाही की जावेगी।
आज दिनांक 23/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।
मुहर
**भाड़ा नियंत्रक रायपुर**

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# प्रदेश में प्रदूषण फैलाने वाले 30 उद्योगों का उत्पादन बंद कराया, बिजली भी काटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के खिलाफ पर्यावरण संरक्षण मंडल लगातार कार्रवाई कर रहा है। इस बीच जनवरी से लेकर अब तक कई उद्योगों को जारी नोटिसों के बावजूद संतोषजनक सुधार नहीं करने, मंडल की सम्मति के बिना संचालन तथा शिकायतों में प्रदूषण पाए जाने के कारण अब तक 30 उद्योगों के विरुद्ध उत्पादन बंद करने एवं विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई की जा चुकी है।

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर द्वारा औद्योगिक इकाइयों के पर्यावरणीय अनुपालन की सतत निगरानी के तहत व्यापक कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर द्वारा जल एवं वायु प्रदूषणकारी उद्योगों का नियमित निरीक्षण कर उल्लंघन पाए जाने पर वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 एवं जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के तहत कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

## पर्यावरण संरक्षण मंडल ने जनवरी से अब तक की कार्रवाई

### 13 उद्योगों पर 28 लाख 92 हजार जुर्माना

मंडल ने स्पष्ट किया है कि जब तक संबंधित उद्योग सभी पर्यावरणीय मानकों, वैधानिक प्रावधानों एवं सम्मति शर्तों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित नहीं करते, तब तक उन्हें संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही, पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन के मामलों में 13 उद्योगों पर कुल 28 लाख 92 हजार रुपये की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति भी अधिरोपित की गई है। मंडल ने जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए सभी औद्योगिक इकाइयों एवं संबंधित विभागों से नियमों का कड़ाई से पालन करने और प्रशासनिक निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करने की अपील की है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि उल्लंघन करने वाली इकाइयों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।


फाइल फोटो

### इन उद्योगों पर कसा शिकंजा

मंडल के मुताबिक जनवरी 2026 से अब तक प्रदूषण की स्थिति पाए जाने पर 23 उद्योगों के विरुद्ध नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें उरला एवं सिलतरा औद्योगिक क्षेत्रों के प्रमुख स्पंज आयरन उद्योग—वासवानी इंडस्ट्रीज लिमिटेड, शिल्फी स्टील्स प्रा. लिमिटेड एवं एसकेएस इस्पात एंड पावर लिमिटेड शामिल हैं। इसके अलावा सारडा एनर्जी मिनरल्स लिमिटेड के विरुद्ध बिना अनुमति फ्लाई ऐश डम्पिंग के मामले में भी नोटिस जारी किया गया है। जारी नोटिसों के बावजूद संतोषजनक सुधार नहीं करने, मंडल की सम्मति के बिना संचालन तथा शिकायतों में प्रदूषण पाए जाने के कारण अब तक 30 उद्योगों के विरुद्ध उत्पादन बंद करने एवं विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई की जा चुकी है।

## खबर संक्षेप



### नक्सलवाद पर कांग्रेस को सवाल करने का नैतिक अधिकार नहीं : पांडेय

रायपुर । भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पांडेय ने दीपक बैज के बयान पर पटवार करते हुए कहा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज एवं कांग्रेस पार्टी प्रश्न करती है कि क्या नक्सली समस्या 31 मार्च के बाद खत्म हो जाएगी, और यदि आगे घटनाएं होंगी, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। इस बयान पर श्री पांडेय ने कहा, कांग्रेस पार्टी को सवाल करने का नैतिक अधिकार नहीं है। श्री पांडेय ने कहा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने समय सीमा के तहत टारगेट तय करके और दृढ़ता के साथ लक्ष्य निर्धारित किया। वह समय अब आ गया है लक्ष्य की प्राप्ति की जाए। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी ने सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाया था जो सलवा जुडूम के घोर विरोधी थे। नक्सलियों के समर्थक रहे हैं। जिसे वर्तमान में उपराष्ट्रपति चुनकर आए सीपी राधाकृष्णन के विरुद्ध चेहरा बनाया गया था। कांग्रेस पार्टी हमेशा नक्सलियों के पक्ष में रही है। कांग्रेस पार्टी कहती थी कि मंदिर वहीं बनाएंगे, किंतु तारीख नहीं बताएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भगवान श्रीराम का मंदिर भी बन गया, लाखों करोड़ों दर्शनार्थियों ने रामलला का दर्शन लाभ भी ले लिया।

### एलडब्ल्यूई प्रभावित 8 जिलों के परिवारों की आय 30 हजार रुपए प्रतिमाह तक बढ़ाने का लक्ष्य

# सीएस की अध्यक्षता में नक्सल प्रभावित जिलों के आजीविका संवर्धन के लिए कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में नक्सलवाद से मुक्त हुए क्षेत्रों में तीव्र, स्थायी एवं समावेशी विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को मुख्य सचिव विकास शील की अध्यक्षता में इन जिलों के आजीविका संवर्धन के लिए राज्यस्तरीय परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास निहारिका बारीक, प्रमुख सचिव कृषि श्रीमती शहला निगार, प्रमुख सचिव सोनमणि वोरा, सचिव भीम सिंह सहित संबंधित जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, गृह एवं जेल विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, ग्रामोद्योग विभाग तथा ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया फाउंडेशन के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया फाउंडेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अनीश कुमार द्वारा इन क्षेत्रों के लिए तैयार समन्वित नीति पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई।

### अब जिम्मेदारी और बढ़ रही है: विकासशील

इस अवसर पर मुख्य सचिव विकास शील ने कहा कि जैसे-जैसे छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से मुक्त होता जा रहा है, हमारी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। जिन क्षेत्रों में अब तक विकास नहीं पहुंच सका, वहां पहुंचकर हमें सतत एवं समावेशी विकास सुनिश्चित करना होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप सभी विभागों को समन्वित दृष्टिकोण के साथ आगामी तीन वर्षों की कार्ययोजना तैयार कर कार्य करना होगा।



**60 दिनों में नई कार्ययोजना :** कार्यशाला में यह भी बताया गया कि उत्पादन से लेकर विपणन तक संपूर्ण मूल्य श्रृंखला को सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे उत्पादों को बेहतर मूल्य प्राप्त हो सके और उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अगले चरण में प्रत्येक विकासखंड में संभावित आजीविका क्लस्टरों की पहचान कर 60 दिनों के भीतर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए, जिसमें सर्वेक्षण, योजना निर्माण एवं क्रियान्वयन की रूपरेखा शामिल होगी।

### अफसरों ने दिए सुझाव

स्थानीय संसाधनों के आधार पर आजीविकामूलक गतिविधियों के संचालन एवं संवर्धन पर विशेष जोर दिया जाए। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए। जिला स्तर के अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान क्लस्टर आधारित एवं ब्लॉक केंद्रित आजीविका मॉडल पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मॉडल के अंतर्गत कृषि, पशुपालन, वनोपज, मत्स्य पालन, हस्तशिल्प एवं सूक्ष्म उद्यमों को जोड़कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की योजना है। इसमें विभिन्न विभागों की योजनाओं का एकीकृत क्रियान्वयन एवं बेहतर कन्वर्जेंस सुनिश्चित किया जाएगा।

### स्वरोजगार पर जोर

कार्यशाला में जिला, विकासखंड एवं क्लस्टर स्तर पर त्रिस्तरीय योजना निर्माण एवं क्रियान्वयन की रूपरेखा पर चर्चा की गई। स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाएं तैयार कर उन्हें तेजी से लागू किया जाएगा। राज्य सरकार का लक्ष्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि ग्रामीण परिवारों की आय में वास्तविक वृद्धि सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने पर भी विशेष जोर दिया गया।

### केंद्र सरकार के फैसले का सीएम साय ने किया स्वागत



*केंद्र सरकार द्वारा डीजल को एक्साइज ड्यूटी से मुक्त करने और पेट्रोल पर 10 रुपए प्रति लीटर की कटौती करते हुए एक्साइज ड्यूटी को मात्र 3 रुपए प्रति लीटर करने के निर्णय का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वागत किया है। उन्होंने इसे देश के 140 करोड़ नागरिकों को सीधा राहत पहुंचाने वाला ऐतिहासिक और जनहितकारी कदम बताया है। श्री साय ने कहा, इस निर्णय से देश के प्रत्येक परिवार, किसान, श्रमिक और मध्यवर्ग को व्यापक राहत मिलेगी।*

### कांग्रेस ने कहा- जनता को लाभ नहीं

# भाजपा ने पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क कटौती को बताया ऐतिहासिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में की गई कटौती को भाजपा ने ऐतिहासिक बताया है। प्रदेश के भाजपा नेताओं ने केंद्र सरकार के फैसला का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार माना है। इधर कांग्रेस ने कहा, यह कटौती पांच राज्यों में होने वाले चुनाव के कारण की गई है। इस कटौती का जनता को कोई लाभ नहीं होगा। इसका फायदा पेट्रोलियम कंपनियों को होगा।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, वैश्विक संकट के इस दौर में भी केंद्र सरकार ने यह निर्णायक कदम सुनिश्चित किया है कि आम उपभोक्ताओं पर कोई अतिरिक्त बोझ न पड़े। पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम होने से इसका लाभ देश की 140 करोड़ जनता को होगा। प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप, मुख्य प्रवक्ता और सांसद संतोष पांडेय, प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, नवीन मार्कंडेय ने केंद्र सरकार के फैसला का स्वागत करते हुए कहा, केंद्र की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार हमेशा जनता के हित में फैसले लेती है। कच्चे तेल के दाम लगातार बढ़ने के बाद जनता पर बोझ डालने के स्थान पर उत्पाद शुल्क को केंद्र सरकार ने कम करके जनता को राहत देने का काम किया है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा, पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में कटौती का निर्णय सही समय पर लिया गया कदम है। यह फैसला पश्चिम एशिया संकट के बीच लोगों को राहत देगा।

### चुनाव खत्म होते ही बढ़ेंगे दाम : दीपक बैज



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, डीजल, पेट्रोल पर मोदी सरकार के द्वारा स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी घटाने से जनता को कोई लाभ नहीं मिलेगा, केंद्र सरकार ने पेट्रोलियम कंपनियों को फायदा देने के लिए यह कदम उठाया है। यदि सरकार की नीयत साफ होती तो डीजल, पेट्रोल के दाम कम होते, लेकिन ऐसा नहीं है, सरकार के निर्णय से उपभोक्ताओं को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। भाजपा के नेता जनता को राहत देने का गलत दावा कर रहे हैं। श्री बैज ने कहा मोदी सरकार 2020 से लेकर अभी तक डीजल, पेट्रोल पर बेतहाशा एक्साइज ड्यूटी लगा कर 12 साल में 44 लाख करोड़ रुपए की कमाई आम जनता से की है। कोरोना काल में डीजल पर 30 और पेट्रोल पर 35 रुपए की एक्साइज ड्यूटी मोदी सरकार ने मूल्यों के युक्तिकरण के नाम पर लगाया था, जिसे बाद में मात्र 5 रुपए कम किया था। श्री बैज ने कहा कि मोदी सरकार ने पांच राज्यों के चुनाव को देखते हुए कटौती का फैसला किया है। जैसे ही बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु, पांडिचेरी में चुनाव खत्म हो जाएगा, भाजपा सरकार तुरंत पेट्रोल, डीजल के दामों को 5 से 10 रुपए बढ़ा देगी।

# गैस सिलेंडर वितरण में शहरी और ग्रामीण में भेदभाव, धनेंद्र ने कड़ा विरोध जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेंद्र साहू ने गैस सिलेंडर वितरण मामले में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में भेदभाव का आरोप लगाते हुए राज्य सरकार के विरुद्ध कड़ा विरोध जताया है। उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गैस सिलेंडर रीफिलिंग की समय सीमा को लेकर हाल ही में लिया गया निर्णय अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं भेदभावपूर्ण है। सरकार ने एक ही प्रदेश की जनता के बीच 'शहरी' और 'ग्रामीण' का भेद कर जो निर्णय लिया है, वह न केवल तर्कहीन है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और गृहणियों की सुविधा पर सीधा प्रहार है।

एक बयान में उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ शासन ने कहा है कि सरकार के निर्देशों के अनुसार जहां शहरी उपभोक्ताओं को हर 25 दिनों में एक गैस सिलेंडर देने का प्रावधान किया गया है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के परिवारों के लिए यह समय सीमा 45 दिन निर्धारित की गई है। यह स्पष्ट रूप से ग्रामीण जनता के साथ अन्याय है। क्या ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों की आवश्यकताएं कम हैं या उनके परिवार छोटे हैं? एक ओर सरकार उज्ज्वला योजना और धुआं-मुक्त रसोई के बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण जनता को 45 दिनों तक सिलेंडर के लिए इंतजार करने को मजबूर किया जा रहा है। यह निर्णय ग्रामीण आबादी को पुनः लकड़ी और कोयले के चूल्हे की ओर धकेलने जैसा है। श्री साहू ने मांग की है कि सरकार इस भेदभावपूर्ण आदेश को तत्काल प्रभाव से वापस ले। पूरे प्रदेश में 'एक राज्य, एक नियम' के तहत गैस सिलेंडर वितरण की समान समय सीमा सुनिश्चित की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में गैस सिलेंडर की आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। कांग्रेस पार्टी स्पष्ट करती है कि यदि सरकार इस जनविरोधी फैसले को वापस नहीं लेती है, तो सड़क से लेकर सदन तक ग्रामीण जनता के हक की लड़ाई लड़ी जाएगी और उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# मंडलों के बाद जिलों में चलेगा भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग, बड़े नेता भी जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश भाजपा संगठन के 28 नेता मुंबई से प्रशिक्षण लेकर वापस आ गए हैं। इसके बाद पहले चरण में प्रदेश के पांचों संभाग में भाजपा की प्रशिक्षण कार्यशाला की गई। संभागों के बाद अब भाजपा के 479 मंडलों में कार्यशाला की जा रही है। जहां इन कार्यशालाओं में जिलों के ट्रेनर जा रहे हैं, वहीं प्रदेश के बड़े मास्टर ट्रेनर भी जाएंगे। मंडलों की कार्यशाला के बाद जिलों की कार्यशाला होगी। तीन सौ से ज्यादा मंडलों में कार्यशाला हो गई है। भाजपा की रीति-नीति से लेकर कार्य पद्धति सहित अलग-अलग 14 विषयों के लिए हर राज्य में मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं।

■ मंडलों का प्रशिक्षण अब अंतिम चरण पर

छत्तीसगढ़ के 28 मास्टर ट्रेनरों को मुंबई की कार्यशाला में तैयार किया गया हैं। इन ट्रेनरों में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, महामंत्री यशवंत जैन, नवीन मार्कंडेय, अखिलेश सोनी के साथ प्रदेश के सांसद, विधायक और प्रदेश के नेता शामिल हैं। इनको अलग-अलग विषयों का ट्रेनर बनाया गया है।

### मंडलों में लगातार चल रहा प्रशिक्षण

मुंबई की कार्यशाला के बाद सबसे पहले संभाग स्तर पर कार्यशाला की गई। प्रदेश के पांच संभाग में सात विषयों के मास्टर ट्रेनर बनाए गए हैं। ये ट्रेनर अब मंडलों में जाकर प्रशिक्षण दे रहे हैं। राजधानी रायपुर के भी कुछ मंडलों में कार्यशाला हो चुकी है। इनमें क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल भी गए थे। जिलों में 11 विषयों का और प्रदेश स्तर पर सभी 14 विषयों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मंडलों के प्रशिक्षण में प्रदेश के बड़े नेता भी जाएंगे। ये वो नेता रहेंगे जो मुंबई के मास्टर ट्रेनर बनकर आए हैं। इनके विषयों पर जिन भी मंडलों में कार्यशाला होगी, तो ये वहां जाएंगे।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु रायपुर शहर एवं आसपास के क्षेत्र में 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 + इंसेन्टिव
Resume Whatsapp करें
8224868411
9827555678
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**// सूचना-पत्र //**

क्रमांक /क/ वाचक/ ना. तह./ 2025 2026 रायपुर दिनांक 20/03/2026
प्रति,
संतोष गुप्ता पिता सुरज गुप्ता निवासी गुढ़ियारी तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
विषयः- राजस्व मामला क्रमांक/ / अ-6/वर्ष 2024-2025 पक्षकार श्रीमती चन्द्रकला साहू विरूद्ध शासन ग्राम गुढ़ियारी प.ह.नं. 49, तहसील व जिला रायपुर में पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित होने बाबत।

विषयांकित संबंध में लेख है कि आवेदिका श्रीमती चन्द्रकला साहू पति श्री जीतेन्द्र कुमार साहू निवासी जय साई विद्या मंदिर के सामने, गोकूल नगर, चिरहुलडीह, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम गुढ़ियारी प.ह.नं. 49, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 981/4, रकबा 0.0050 हे., याने 575 वर्गफुट भूमि है वर्तमान में राजस्व अभिलेख पर विक्रेता के नाम दर्ज है उपरोक्त वर्णित भूमि को आवेदिका ने विक्रेता श्री छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता श्री संदीप कुमार साहू पिता श्री गन्नू राम साहू निवासी विधानगर वार्ड नं. 19 परसदा रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 01.08.2025 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। जो कि उप पंजीयक कार्यालय रायपुर में पु.क. अ-1 ग्रंथ क्रमांक 76552, पृष्ठ क. 263 से 283, दस्तावेज का नंबर सी.जी. 2025-26-102-1-2097 देकर विधिवत पंजीकृत किया गया है अतः उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदिका अपना नाम भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है। उक्त प्रकरण में आवेदित भूमि के विक्रेता/वर्तमान भूमिस्वामी है, इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 30/03/2026 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा। आज दिनांक 20/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर
नायब तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री सुधीर वर्मा पिता श्री बलदाऊ वर्मा निवासी तरूण नगर, सुंदर नगर रायपुर से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का ग्राम चेटुवा रा.नि.मं. आनंदगांव तहसील बेरला जिला बेमेतरा स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 724, 726, 733, 734, 735, 736, 737, 739, 740, 741, 742, 746, 747, 748, 749, 750 एवं 751 कुल रकबा 3.43 हे., को क्रय करने का सौदा पक्का कर लिया है। उक्त क्रय विक्रय में यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, बोर्ड, निगम, प्राधिकारण आदि को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के इस सूचना प्रकाशन से 7 दिनों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत करें अन्यथा बाद गुजरने म्याद विक्रय पत्र की लिखापढ़ी एवं रजिस्ट्री करा ली जावेगी एवं उस दशा में प्राप्त आपत्ति झूठी एवं नाजायज करार दी जावेगी तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी भी नहीं होगी। अतः ताकीद जाने ।

रायपुर
दिनांक 27.03.2026

सुधीर अग्रवाल
अधिवक्ता
डी-172-173, सेक्टर-5,
देवेन्द्र नगर, रायपुर

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री प्रशांत वर्मा पिता श्री बलदाऊ वर्मा निवासी तरूण नगर, सुंदर नगर रायपुर से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का ग्राम चेटुवा रा.नि.मं. आनंदगांव तहसील बेरला जिला बेमेतरा स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 728, 729, 730, 731, 732, 606, 681, 581/1, 689, 692, 715, 716, 717, 718, एवं 727 कुल रकबा 3.75 हे., को क्रय करने का सौदा पक्का कर लिया है। उक्त क्रय विक्रय में यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, बोर्ड, निगम, प्राधिकारण आदि को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के इस सूचना प्रकाशन से 7 दिनों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत करें अन्यथा बाद गुजरने म्याद विक्रय पत्र की लिखापढ़ी एवं रजिस्ट्री करा ली जावेगी एवं उस दशा में प्राप्त आपत्ति झूठी एवं नाजायज करार दी जावेगी तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी भी नहीं होगी। अतः ताकीद जाने ।

रायपुर
दिनांक 27.03.2026

सुधीर अग्रवाल
अधिवक्ता
डी-172-173, सेक्टर-5,
देवेन्द्र नगर, रायपुर

**न्यायालय भाड़ा नियंत्रक रायपुर, छत्तीसगढ़**
**// ईश्तहार //**
**प्रकरण क्र. 21-ब/ 121 वर्ष 2024-25**
**भातखण्डे ललिता शिक्षा समिति वि. श्री अतुल पाण्डेय**

क्रमांक /257/आर.सी.ए./2026
रायपुर, दिनांक 23/02/2026
प्रति,
श्री अतुल पाण्डेय पिता-स्व. एस.बी. पाण्डेय द्वारा श्री राजीवलोचन श्रीवास्तव निवासी-शॉप/आफिस नं. 31-32 गुरुकुल काम्प्लेक्स कालीबाड़ी रोड तह. व जिला रायपुर (छ.ग.)
**विषय :- प्रकरण में पक्ष समर्थन हेतु न्यायालय में उपस्थित होने बाबत।**

इस न्यायालय के विचाराधीन प्रकरण क्र. 21-ब/121 वर्ष 2024-25 आवेदक भातखण्डे ललिता शिक्षा समिति पंजीकृत संस्था द्वारा सचिव श्रीमती शोभा खण्डेलवाल पता गुरुकुल परिसर कालीबाड़ी रोड रायपुर के द्वारा आपके विरुद्ध छ.ग. भाड़ा नियंत्रण अधिनियम 2011 के तहत इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य के शॉप नं. 31-32 गुरुकुल काम्पलेक्स कालीबाड़ी रोड रायपुर स्थित मकान का बकाया किराया राशि दिलाये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण, दिनांक 13.04.2026 को सुनवाई हेतु नियत है। अतएव आप प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 13.04.2026 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध न्यायालय के आदेशानुसार आगे की कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 23/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
भाड़ा नियंत्रक
रायपुर

**न्यायालय भाड़ा नियंत्रक रायपुर, छत्तीसगढ़**
**// समाचार पत्र में ईश्तहार प्रकाशन //**
**प्रकरण क्र. 30-90 (6) वर्ष 2024-25**
**भातखण्डे ललिता शिक्षा समिति वि. श्रीमती सुधा पाण्डेय**

क्रमांक/258/आर.सी.ए./2026 रायपुर,
दिनांक 23/2/2026
प्रति,
श्रीमती सुधा पाण्डेय पति श्री राजेश पाण्डेय निवासी-शॉप/आफिस नं. 40, गुरूकुल काम्प्लेक्स कालीबाड़ी रोड तह. व जिला रायपुर (छ.ग.)
विषयः- प्रकरण में पक्ष समर्थन हेतु न्यायालय में उपस्थित होने बाबत।

इस न्यायालय के विचाराधीन प्रकरण क्र. 30-90 (6) वर्ष 2024-25 आवेदक भातखण्डे ललिता शिक्षा समिति पंजीकृत संस्था द्वारा सचिव श्रीमती शोभा खण्डेलवाल पता गुरूकुल परिसर कालीबाड़ी रोड रायपुर के द्वारा आपके विरूद्ध धारा 12(2) की अनुसूची 2 के स.क्र. 11(ज) छ.ग. भाड़ा नियंत्रण अधिनियम 2011 के तहत इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य के शॉप नं. 40 गुरूकुल काम्पलेक्स कालीबाड़ी रोड रायपुर स्थित दुकान रिक्त आधिपत्य एवं बकाया किराया राशि दिलाये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण, दिनांक 13.04.2026 को सुनवाई हेतु नियत है। अतएव आप प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 13.04.2026 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध न्यायालय के आदेशानुसार आगे की कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 23/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर
भाड़ा नियंत्रक
रायपुर

**रविवि ने बढ़ाई सेमेस्टर परीक्षा की आवेदन तिथि : रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने मई-जून में आयोजित होने वाली सेमेस्टर परीक्षाओं की आवेदन तिथि में वृद्धि की है। पूर्व में सामान्य फीस के साथ 15 मार्च से 31 मार्च तक का समय आवेदन के लिए दिया गया था। विलंब शुल्क के साथ 1 से 7 अप्रैल तक आवेदन कर सकते थे। संशोधित अधिसूचना के अनुसार, अब सामान्य शुल्क के साथ 7 अप्रैल तक आवेदन किए जा सकेंगे। 100 रुपए विलंब शुल्क के साथ 8 से 12 अप्रैल तक विवि आवेदन स्वीकार करेगा।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

अमलीडीह मार्ग पर अवैध कब्जों के कारण भी लग रहा जाम

# अमलीडीह चौक पर लगा सिग्नल बना परेशानी का कारण, दिनभर लग रहा जाम




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में यातायात व्यवस्था को सुचारू, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए चौराहों और व्यस्त मार्गों पर सिग्नल (ट्रैफिक लाइट) लगाई गई हैं। ये सिग्नल कई जगहों पर उपयोगी भी साबित हो रहे हैं, जिससे यातायात सुचारू और व्यवस्थित रूप से हो पा रही है, लेकिन केनाल रोड अमलीडीह चौक पर लगाया गया सिग्नल यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है, जिसके कारण इस सड़क पर रोज दिनभर जाम की स्थिति बन रही है। अमलीडीह मार्ग पर सड़कों पर चाय-नाश्ता सहित अन्य व्यावसायिक ठेला-गुमटी एवं सब्जियों की अस्थाई दुकानों के कारण भी जाम लग रहा है। अमलीडीह मार्ग में सुबह 7 से लेकर दोपहर 12 बजे तक तथा शाम के समय 4 बजे से लेकर रात 10 बजे तक सड़कों पर अवैध दुकानें लग रही हैं, जिससे वाहन के आवागमन के लिए सड़क की चौड़ाई भी कम हो जाती है। इसके कारण जाम की स्थिति बन रही है।

### सिग्नल को हटाने की उठने लगी मांग

इस क्षेत्र के रहवासी हर दिन सिग्नल के कारण जाम में फंस रहे हैं। लोगों का कहना है कि इतने सकरे चौक पर भी सिग्नल लगा दिया गया है। सिग्नल के कारण ही यहां अब जाम लग रहा है। कई लोग तो जाम लगने के कारण मजबूरी में रेड सिग्नल होने के बाद भी रोड क्रास कर रहे हैं। न्यू राजेंद्रनगर की सड़क सकरी होने के कारण 8-10 दोपहिया वाहन के रेड सिग्नल में खड़े होते ही पूरा मार्ग ब्लॉक हो जाता है। ऐसे में दूसरी तरफ से आने वाले वाहन चालक को रास्ता ही नहीं मिल पाता।

### नगर निगम कर रहा अनदेखा

अमलीडीह मार्ग पर ही नगर निगम का जोन कार्यालय भी है। जोन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी भी हर दिन इसी मार्ग से आना-जाना करते हैं। इसके बाद भी अवैध ठेला-गुमटियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। सूत्र बताते हैं कि निगम के कुछ कर्मचारी सड़क पर ठेला-गुमटी लगाने वालों से पैसों की वसूली कर रहे हैं। यह पैसा कार्यालय में अन्य कर्मचारी और अधिकारी तक भी पहुंचता है, जिसके कारण अवैध ठेला-गुमटियों को हटाने की कार्रवाई नहीं कर इसे अनदेखा किया जा रहा है।

### 20 फीट रोड, फिर भी लगा दिए सिग्नल

अमलीडीह चौक पर लगे यातायात सिग्नल को वाहन आवागमन सुचारू रूप से हो, इसके लिए लगाया गया है। इस चौक से चार दिशा में जाने का मार्ग है। एक मार्ग केनाल रोड है, जो कटोरा तालाब और दूसरा फल मार्केट लालपुर की ओर जाता है, वहीं तीसरा मार्ग अमलीडीह की ओर जाता है तथा चौथा न्यू राजेंद्रनगर की ओर जाता है। न्यू राजेंद्रनगर जाने वाली सड़क की चौड़ाई 15 से 20 फीट है, वहीं अन्य तीनों मार्ग की सड़क की चौड़ाई 40-40 फीट की है। चौक पर ग्रीन सिग्नल होते ही वाहन चालक न्यू राजेंद्रनगर की ओर जाने के लिए आगे बढ़ते हैं, वैसे ही चौक पर जाम लग जाता है, क्योंकि न्यू राजेंद्रनगर से अन्य तीनों मार्ग पर जाने वाली गाड़ियों के कारण यह मार्ग पूरी तरह बंद हो जाता है। इसके कारण ग्रीन सिग्नल मिलने के बाद भी वाहन चालक रोड क्रास नहीं कर पाते। इसके कारण अन्य तीनों मार्ग पर भी गाड़ियों की लंबी कतारें लग जाती है, जिसके कारण कई बार वाहन को सिग्नल चौक को क्रास करने में दो बार से अधिक बार ग्रीन सिग्नल का इंतजार करना पड़ता है।

मृतक के अंडर काम करने वाले मजदूर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# 50 हजार के लेन-देन के विवाद पर ठेकेदार की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र में 50 हजार रुपए के लेन-देन विवाद पर ठेकेदार के अंडर काम करने वाले युवक ने चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना टिकरापारा थाना क्षेत्र के रावतपुरा फेस-2 कालोनी की है। घटना के दो घंटे के भीतर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उससे पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है, मृतक तथा आरोपी के बीच लेन-देन के विवाद को लेकर पिछले छह महीने से विवाद चल रहा था। इसी विवाद के बीच युवक ने ठेकेदार पर चाकू से




ताबड़तोड़ वार कर दिया। ठेकेदार की एम्स में उपचार के दौरान मौत हो गई।

अजय अग्रवाल (34) की हत्या के आरोप में पुलिस ने डोमेश्वर देवांगन को गिरफ्तार किया है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक डोमेश्वर अपना पिछला बकाया 50 हजार रुपए लेने के लिए अजय के पास गया था। अजय ने डोमेश्वर को 10 हजार रुपए देने की बात कही। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। विवाद के दौरान डोमेश्वर ने आवेश में आकर जेब से चाकू निकालकर अजय पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। चाकू के हमले से गंभीर रूप से घायल अजय जमीन पर गिरकर बेदम हो गया। इसके बाद डोमेश्वर मौके से फरार हो गया, जिसे बाद में पुलिस ने पतासाजी कर गिरफ्तार किया।

### दोनों के बीच पूर्व में भी हो चुका है विवाद

अजय अग्रवाल मकान, बिल्डिंग निर्माण करने का ठेका लेता था। डोमेश्वर, ठेकेदार को मजदूर उपलब्ध कराने का काम करता था। मजदूरों की मजदूरी राशि अजय से लेकर डोमेश्वर मजदूरों को भुगतान करता था। बताया जा रहा है, मजदूरी भुगतान की 50 हजार रुपए को लेकर दोनों के बीच पिछले पांच-छह महीने से विवाद चल रहा था। अजय, डोमेश्वर को 10 हजार रुपए देने के लिए राजी था। डोमेश्वर, ठेकेदार से पूरे 50 हजार रुपए लेने की जिद पर अड़ा था। इस बात को लेकर पूर्व में दोनों के बीच एक बार

## बिजनेस साइट

### निशुल्क बहरापन जांच शिविर का आज अंतिम दिन, हिअरजॅप की पहल से मरीजों को राहत



**रायपुर।** सुनने की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए हिअरजॅप द्वारा आयोजित निशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर का आज 28 मार्च को अंतिम दिन है। यह शिविर 25 मार्च से संचालित हो रहा है, जिसमें विशेषज्ञों द्वारा कान की जांच, श्रवण क्षमता परीक्षण और आवश्यक परामर्श दिया जा रहा है। साथ ही श्रवण यंत्रों पर विशेष छूट, स्पीच थेरेपी और कोक्लियर इम्प्लांट संबंधी सलाह भी उपलब्ध है। शिविर रायपुर सहित अंबिकापुर, भिलाई, बिलासपुर और अन्य शहरों में लगाया गया है।

# आज से आईपीएल, एयरपोर्ट पर बड़ी स्क्रीन पर यात्री ले सकेंगे मैच का मजा

टर्मिनल भवन के भीतर लगाए गए प्रोजेक्टर और एलईडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शनिवार से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच का मजा स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट के यात्री भी ले सकेंगे। मैच में लगने वाले चौके-छक्के का मजा लेने के लिए टर्मिनल भवन के भीतर दो बड़े प्रोजेक्टर और एलईडी लगाए गए हैं। विमानतल से अपने सफर की शुरुआत करने वाले यात्री फ्लाइट के इंतजार के दौरान बड़ी स्क्रीन में मैच का मजा ले पाएंगे। आने वाले दिनों में यहां टीवी स्क्रीन की संख्या और बढ़ाई जाएगी। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट के डायरेक्टर योगेश नागाइच ने कहा कि आईपीएल का रोमांच बहुत होता है। इसे ध्यान में रखते हुए विमानतल पर भी क्रिकेट मैच देखने की व्यवस्था की गई है। टर्मिनल भवन के भीतर भूतल में विशाल प्रोजेक्टर और प्रथम तल में एलईडी स्क्रीन लगाया गया है। उन्होंने बताया कि इनके माध्यम से एयरपोर्ट आने वाले यात्री और वहां के कर्मचारी पूरे मैच का प्रसारण देख सकेंगे। आईपीएल का उत्साह छत्तीसगढ़ में इसलिए भी ज्यादा है, क्योंकि दो मैच नवा रायपुर के क्रिकेट स्टेडियम में होंगे। आईपीएल 28 मार्च से शुरू होकर 24 मई तक चलेगा। इसके बाद सेमीफाइनल और फाइनल की तारीख तय की जाएगी। एयरपोर्ट डायरेक्टर ने यह भी बताया कि आने वाले दिनों में आवश्यकता के हिसाब से स्क्रीन की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।



### अप्रैल में बढ़ेंगे दिल्ली के यात्री

सूत्रों के अनुसार अप्रैल के महीने में दिल्ली-रायपुर के बीच आवाजाही करने वाली फ्लाइट में यात्रियों का दबाव बढ़ सकता है। इसकी वजह अप्रैल के महीने में रायपुर से दिल्ली रूट में चलने वाली कई ट्रेनें रद्द रहेंगी। छत्तीसगढ़ की राजधानी से देश की राजधानी की ओर जाने वाले यात्रियों की संख्या काफी अधिक होती है। वर्तमान में रायपुर एयरपोर्ट के लिए सबसे ज्यादा फ्लाइट दिल्ली से संचालित होती है।

पेज 9 के शेष

### दिल्ली जाने 5 अप्रैल से ...

यात्रियों का दबाव अप्रैल में बढ़ेगा। संपर्क क्रांति सप्ताह में तीन दिन, वहीं राजधानी और हमसफर दो दिन चलती है। ऐसे में यात्रियों ने इन ट्रेनों में बुकिंग करवाना शुरू कर दिया है। दिल्ली की ट्रेनों में वर्तमान में सीट पर्याप्त है, लेकिन 5 से 10 अप्रैल के बीच की स्लीपर और थर्ड एसी में आरएसी भी शुरू होने लगे हैं।

### यह ट्रेन रहेगी रद्द...

12101 ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस लोकमान्य तिलक टर्मिनल से अप्रैल में 04, 06, 07, 10, 11, 13, 14, 17, 18, 20, व 21 को रद्द रहेगी। 12102 ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस शालीमार से अप्रैल में 06, 08, 09, 12, 13, 15, 16, 19, 20, 22, व 23 को रद्द रहेगी। 12807 समता एक्सप्रेस विशाखापत्तनम से अप्रैल में05, 07, 08, 09, 11, 12, 14, 15, 16, 18, 19, 21, 22 व 23 को रद्द रहेगी।

### पारा 39 डिग्री पहुंचते ...

राज्यभर में बारिश और ओलावृष्टि की वजह से रायपुर का पारा सप्ताहभर तक नहीं चढ़ पाया था। गुरुवार को 38 डिग्री की गर्मी के बाद शुक्रवार को रायपुर की गर्मी ने असर दिखाया और अन्य शहरों को पीछे छोड़ गया था।

### विदेशी नागरिकों के साथ ठगी...

अहमदाबाद से होने की वजह से पुलिस की एक टीम जांच करने अहमदाबाद के लिए रवाना होगी। अब तक की पुलिस जांच में जो बातें सामने आई हैं, उसके मुताबिक विदेशी नागरिकों को ठगने जालसाज बड़े शहरों की अपेक्षा छोटे शहरों को अपराध का हिस्सा बना रहे हैं। बड़े शहरों में ट्रैप होने का हमेशा खतरा बना रहता है। इस कारण जालसाजी करने वाले विदेशी नागरिकों के साथ ठगी करने छोटे शहरों को ठिकाना बना रहे हैं। तुर्की की समाचार एजेंसी टीआरटी वर्ल्ड की पिछले वर्ष जून में प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में कोविड से पहले एक हजार से ज्यादा ऐसी कंपनियां थीं जो ठगी करती थीं, कोविड के बाद इनका तरीका बदला और ये छोटे शहरों में शिफ्ट हुई हैं।

### पिता ने दूर किया ..

10वीं की परीक्षा देने वाली तन्वी ने कहा कि वह पिछले आठ वर्षों से तैराकी कर रही हैं और उन्हें अपने परिवार से ही इसकी प्रेरणा मिली है। उन्होंने बताया कि मेरे पिता सुखदेव अंतरराष्ट्रीय ओपन वॉटर तैराक रहे हैं और मेरे भाई सार्थक वाटर पोलो नेशनल्स में स्वर्ण पदक विजेता हैं। मुझे बहुत खुशी है कि मैंने भी खेलो इंडिया में पदक जीता है। अपनी जीत पर खुशी जताते हुए तन्वी ने कहा कि इस प्रतियोगिता के लिए उनकी तैयारी बहुत अच्छी थी और उन्हें गोल्ड जीतने की पूरी उम्मीद थी। इस शानदार जीत के साथ ही, वह अपने परिवार में गोल्ड मेडल हासिल करने वाली तीसरी सदस्य बन गई हैं।

### पिता के लिए चोट में भी झेली...

असुविधा हुई, लेकिन अच्छे प्रदर्शन के बाद यह सब भी बेहतर होता चला गया। उनके पिता पद्मधर सोनोवाल एक राजमिस्त्री हैं, जो चार सदस्यों के परिवार का पालन-पोषण करने के लिए दिनभर कड़ी मेहनत करते हैं। दो बहनों में बड़ी मोनिखा असम के धेमाजी जिले के बटघोरिया पेनबेनी चौक की रहने वाली हैं। ब्रह्मपुत्र नदी के उत्तरी तट पर बसे इस शांत इलाके की दूरी गुवाहाटी से लगभग 425 किलोमीटर है। यहां जीवन शांत और साधारण है, जहां ज्यादातर परिवारों के सपने रोजमर्रा की जरूरतों तक ही सीमित रहते हैं। मोनिखा ने बताया कि रायपुर में सपना हकीकत में बदल गया, जब उन्होंने घुटने की चोट के बावजूद संघर्ष करते हुए खेलों का पहला वेटलिफ्टिंग स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह जीत उनके वर्षों की मेहनत का परिणाम थी।






## खबर संक्षेप



### संकटमोचन हनुमान मंदिर में मनाया श्रीराम जन्मोत्सव

**रायपुर।** श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में श्रीराम जन्मोत्सव शुक्रवार दोपहर 12 बजे धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के महंत पं. राजेश शर्मा ने अखंड रामायण पाठ के समापन अवसर पर पूर्णाहुति कर जोत विसर्जन किया। तत्पश्चात फलाहारी प्रसाद वितरित किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर प्रदेश की सुख-शांति की कामना संकटमोचन हनुमानजी से की। इस दौरान अनिल अग्रवाल, नारायण राव शिर्के, मंदिर के पुजारी, राजेश पांडे, प्रशांत पांडे, भारत पांडे, चंद्रप्रकाश वर्मा, कामेश तिवारी, कुलदीप शर्मा, नवरत्न माहेश्वरी, प्रेम माहेश्वरी आदि का सहयोग रहा।

### प्रयोगशाला सहायक के मॉडल आंसर जारी

**रायपुर।** व्यापम ने प्रयोगशाला सहायक के मॉडल आंसर जारी कर दिए हैं। पर्यावरण संरक्षण मंडल के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए यह भर्ती परीक्षा 22 मार्च को आयोजित की गई थी।एक अप्रैल तक निर्धारित शुल्क के साथ दावा आपत्ति पेश किए जा सकेंगे। विस्तृत अधिसूचना व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

PRP/GFC
तकनीक व्दारा
गंजेपन का ईलाज

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

# हस्त नक्षत्र व ध्रुव योग में मनेगी हनुमान जयंती, इसी दिन अपनी राशि में गोचर करेगा मंगल ग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

हनुमान जयंती पर मंगल का मीन राशि में प्रवेश एक दुर्लभ और शुभ संयोग बना रहा है, जहां शनि पहले से विराजमान हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, ग्रहों की चाल का हमारे जीवन पर गहरा असर पड़ता है। जब भी कोई बड़ा ग्रह अपनी राशि बदलता है, तो उसका प्रभाव पूरी दुनिया के साथ-साथ व्यक्ति की किस्मत पर भी पड़ता है। इस बार चैत्र मास की पूर्णिमा यानी 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के पावन अवसर पर एक अत्यंत शुभ और दुर्लभ संयोग बन रहा है। हनुमान जयंती पर मंगल ग्रह मीन राशि में प्रवेश करने जा रहे हैं। मंगल ग्रह को ऊर्जा और साहस का कारक माना जाता है।

विशेष बात यह है कि मीन राशि में न्याय के देवता शनि देव पहले से ही विराजमान हैं। मंगल और शनि की इस स्थिति से एक ऐसा समीकरण बन रहा है, जो राशि विशेष के लिए अत्यधिक फलकारी होगा। इस साल हनुमान जन्मोत्सव के दिन हस्त नक्षत्र बन रहा है, जो शाम 5 बजकर 38 मिनट तक रहेगा। इसके अलावा ध्रुव योग का शुभ संयोग भी इस तिथि पर रहने वाला है। ध्रुव योग को वैदिक ज्योतिष में 27 योगों में से 12वां, एक अत्यंत शुभ और स्थिर योग माना गया है। यह भगवान विष्णु और गुरु ग्रह से संबंधित है। यह योग स्थिरता, दृढ़ता और दीर्घकालिक सफलता का प्रतीक है। इसमें भवन निर्माण, सगाई, विवाह, विद्यारंभ और गृह प्रवेश जैसे स्थायी कार्यों को करना उत्तम फलदायी माना जाता है।

**ज्योतिषीय दृष्टिकोण से यह महत्वपूर्ण गोचर, संध्या 5 बजकर 38 मिनट तक रहेगा हस्त नक्षत्र योग**

### इन राशियों को विशेष लाभ

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, यह गोचर वृषभ, मिथुन, सिंह और तुला राशि के जातकों के लिए फलदायी सिद्ध होगा। इन जातकों को कॅरियर में तरक्की, व्यापार में भारी मुनाफा और पैतृक संपत्ति का लाभ मिलेगा। हनुमंत कृपा से इनके पुराने संकट दूर होंगे और धन-संपत्ति में अपार वृद्धि के योग बनेंगे। इन राशियों के डर और भय दूर होंगे और धन-संपत्ति में अपार वृद्धि होगी।




### पूर्णिमा तिथि प्रारंभ व समापन

पूर्णिमा तिथि प्रारंभ : 1 अप्रैल, सुबह 7 बजकर 6 मिनट
पूर्णिमा तिथि समापन : 2 अप्रैल, सुबह 7 बजकर 41 मिनट
उदया तिथि : 2 अप्रैल

### नियामक आयोग में चल रहा है पॉवर कंपनी के लेखा-जोखा पर मंथन

# पहली बार 9 माह बाद ही बदल जाएगा बिजली का टैरिफ, बीते साल जुलाई से हुआ था लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेशभर के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को महज 9 माह बाद ही महंगी बिजली का झटका लगना तय है। पहली बार 9 माह के बाद ही नया टैरिफ लागू होने वाला है। बीते साल जुलाई से नया टैरिफ लागू किया गया था, लेकिन इस समय तय समय अप्रैल से नया टैरिफ लागू करने की तैयारी है। बिजली नियामक आयोग में पॉवर कंपनी के लेखा-जोखा पर मंथन चल रहा है। अब तक अंतिम फैसला नहीं हो सका है। अप्रैल के पहले सप्ताह तक नया टैरिफ जारी करने की तैयारी है। नियमों के मुताबिक अप्रैल से ही नया टैरिफ लागू होता है, किसी कारणवश किसी साल विलंब होने पर दूसरे साल अप्रैल में नया टैरिफ लागू किया जा सकता है।

पॉवर कंपनी ने नए सत्र 2026-27 के लिए पूरा लेखा-जोखा बनाकर नियामक आयोग में नए टैरिफ के लिए याचिका दायर की है। इस याचिका में बताया गया है कि प्रचलित दर से 26216 करोड़ का राजस्व मिलने की संभावना है। इसी के साथ साल भर का खर्च 25460 करोड़ बताया गया है। ऐसे में 756 करोड़ का फायदा होगा। लेकिन इसी के साथ पिछले सत्रों की अंतर की राशि का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि नए सत्र के फायदे को पुराने अंतर की राशि में कम करने के बाद भी 63 सौ करोड़ के राजस्व की और जरूरत होगी। नए सत्र में 26 सौ करोड़ का राजस्व मिलेगा, पुराना घाटा 63 सौ करोड़ है, ऐसे में नए सत्र के लिए कुल 32 हजार पांच सौ करोड़ से ज्यादा के राजस्व की जरूरत बताई गई है। इस जरूरत के हिसाब से ही नया टैरिफ तय करने की मांग रखी गई है।

### घाटे के हिसाब से बढ़ेगा टैरिफ

बिजली नियामक आयोग अब जनसुनवाई के बाद लेखा जोखा देख रहा है। आयोग तय करेगा कि वास्तव में कंपनी का कितना घाटा मान्य होगा। जानकारों के मुताबिक अगर आयोग ने 63 सौ करोड़ के घाटे को पांच हजार करोड़ भी माना तो इसके कारण बिजली की कीमत 20 फीसदी तक बढ़ानी पड़ेगी। बीते साल पांच सौ करोड़ का घाटा मानने पर दो फीसदी दाम बढ़े थे। आयोग के अधिकारियों का कहना है कि पूरे घाटे को तीन साल तक तीन किस्तों में भी बांटा जा सकता है, लेकिन ऐसा करने पर आरडीएसएस योजना के तहत केंद्र सरकार को पॉवर कंपनी को जो विभिन्न योजनाओं में करोड़ों रुपए की मदद मिलती है, वह प्रभावित हो सकती है। ऐसे में एक रास्ता यह है कि जिस तरह से दो साल पहले राज्य सरकार ने हजार करोड़ की सब्सिडी दे दी थी तो कीमत कम बढ़ी थी। इस बार भी राज्य सरकार अगर सब्सिडी दे देगी को उपभोक्ताओं को राहत मिल सकती है।

# हरे माधव सत्संग कल तैयारियों में जुटे श्रद्धालु आज भव्य शोभायात्रा

**कटनी वाले संत ईश्वरशाह साहिब आएंगे**



**रायपुर।** हरे माधव सत्संग के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी कटनी के प्रख्यात संत जीवनमुक्त सतगुरु बाबा ईश्वर शाह साहिब के सान्निध्य में 29 मार्च रविवार को आयोजित हरे माधव सत्संग के उपलक्ष्य में शुक्रवार 27 मार्च को हरे माधव प्रभात फेरी तेलीबांधा में निकाली गई, जो तेलीबांधा, मुथानगर, श्यामनगर में भ्रमण करते हुए गली नंबर 6 में समाप्त हुई। प्रभात फेरी में समिति अध्यक्ष प्रकाश जादवानी, सचिव तेजकुमार बजाज, उपाध्यक्ष मुरली मनोहर बुलचंदानी, सदस्य राजकुमार आहूजा, गोविंद माखीजानी, दीपक आडवानी, राकेश आडवानी, सुंदरदास नागदेव, राजेश मोहनानी, कन्हैया छाबड़ा एवं तेलीबांधा के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। समिति के अध्यक्ष प्रकाश जादवानी एवं सचिव तेजकुमार बजाज ने बताया कि 28 मार्च शनिवार को सतगुरुजी के आगमन पर संध्या 7.30 बजे भव्य शोभायात्रा महावीर नगर कुकरेजा फॉर्म हाऊस से हरे माधव दरबार साहिब तक निकाली जाएगी। शोभायात्रा में हरे माधव परिवार विभिन्न वेशभूषा में ढोल-नगाड़े के साथ शंखनाद करते हुए हरे माधव का उद्घोष करते हुए शामिल होंगे। साथ ही कई पंचायतों के मुखी एवं श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। रविवार 29 मार्च को संध्या 6 बजे से हरे माधव सत्संग, हरे माधव दरबार साहिब के सामने ग्राउण्ड महावीर नगर में सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब के सान्निध्य में होगा। सत्संग पश्चात हरे माधव ब्रह्मभोज (भंडारा प्रसाद) होगा।

# रायपुर में दोपहिया चोरी कर ओडिशा में खपाने वाले दो गिरफ्तार

**रायपुर।** एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम ने रायपुर से दोपहिया चोरी कर ओडिशा में खपाने के आरोप में दो शातिरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की आधा दर्जन बाइक जब्त की है। गिरफ्तार आरोपी में एक पूर्व में भी दोपहिया चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। शातिरों ने टिकरापारा, गोलबाजार, मौदहापारा, पुरानी बस्ती एवं आजाद चौक थाना क्षेत्र में बाइक चोरी कर ओडिशा में खपाया था।

डीसीपी क्राइम एंड साइबर स्मृतिक राजनाला की मॉनिटरिंग में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बाइक चोरी करने के आरोप में खमतराई निवासी कमलेश साहू तथा ओडिशा, टिटलागढ़ निवासी संतोष राजपूत उर्फ कालिया को गिरफ्तार किया है। कमलेश पूर्व में बाइक चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। बाइक चोरी की पड़ताल करने पुलिस घटना स्थल एवं उनके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही थी।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शनः-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411



रायपुर, शनिवार 28 मार्च 2026
हरिभूमि लाइव



सिटी लाइव

## टेक्नो-कल्चरल फेस्ट में 31 को रैपर रफ्तार का लाइव कंसर्ट शो

**रायपुर।** ट्रिपल आईटी नवा रायपुर में 29 से 31 मार्च तक तीन दिवसीय टेक्नो-कल्चरल फेस्ट का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन तकनीक, नवाचार, संस्कृति, खेल और मनोरंजन का अनूठा संगम प्रस्तुत करेगा, जिसमें देशभर से छात्र-छात्राओं, तकनीकी विशेषज्ञों और कलाकारों की भागीदारी रहेगी। इस आयोजन का सबसे बड़ा आकर्षण 31 मार्च को आयोजित होने वाला लाइव कॉन्सर्ट होगा, जिसमें प्रसिद्ध रैपर और संगीतकार रफ्तार अपनी धमाकेदार प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। उनके लोकप्रिय गानों और ऊर्जावान प्रदर्शन से कार्यक्रम में विशेष उत्साह देखने को मिलेगा। इस टेक्नोवेट-2026 का उद्देश्य युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, नवाचार को बढ़ावा देने तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना है। तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में विभिन्न तकनीकी प्रतियोगिताएं, हैकाथॉन, वर्कशॉप, स्टार्टअप पिचिंग सेशन, रोबोटिक्स इवेंट्स और गेमिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में डांस, म्यूजिक, ड्रामा, फैशन शो और आर्ट प्रतियोगिताएं भी शामिल होंगी, जो छात्रों के रचनात्मक कौशल को उजागर करेंगी। संस्थान के अधिकारियों के अनुसार टेक्नोवेट-2026 न केवल तकनीकी ज्ञान को बढ़ावा देगा, बल्कि युवाओं को नेटवर्किंग, टीमवर्क, खेल भावना और रचनात्मकता के नए अवसर भी प्रदान करेगा। छात्रों और आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस भव्य आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इसे सफल बनाएं।

### इंडोर-आउटडोर खेलों में स्टूडेंट्स दिखाएंगे प्रतिभा

उत्सव के दौरान विभिन्न इंडोर और आउटडोर खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। इनमें फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज सहित कई अन्य खेल शामिल होंगे, जो प्रतिभागियों में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और खेल कौशल को बढ़ावा देंगे।

एजुकेशन अलर्ट

## जेईई एडवांस-यूपीएससी-प्री एग्जाम सामने सफल होने लाइब्रेरी में घंटों कर रहे मशक्कत





**रायपुर।** शहर की नालंदा व तक्षशिला लाइब्रेरी सेल्फ स्टडी करने वाले स्टूडेंट्स के लिए सफलता का केंद्र बनकर उभरी है। यहां मई महीने में होने वाले जेईई एडवांस और प्री-यूपीएससी एग्जाम की तैयारी में स्टूडेंट्स जुटे हुए हैं। नालंदा व तक्षशिला लाइब्रेरी में सेल्फ स्टडी से इंट्रेंस व कम्पीटिशन एग्जाम क्रैक करने स्टूडेंट्स 4 से 6 घंटे लाइब्रेरी में बिता रहे हैं। नालंदा व तक्षशिला लाइब्रेरी के नोडल अधिकारी केदार पटेल ने बताया कि पिछले कुछ सालों में बड़ी संख्या में लाइब्रेरी में तैयारी कर स्टूडेंट्स ने यूपीएससी, सीजीपीएससी प्रतियोगी परीक्षा और जेईई एडवांस व मेंस जैसे परीक्षाए क्रैक किए हैं। इन सफल स्टूडेंट्स को देखकर 10वीं, 12वीं और ग्रेजुएशन के स्टूडेंट्स लाइब्रेरी की सदस्यता लेकर सेल्फ स्टडी से इन एग्जाम में सफलता पाने तैयारी में जुटे हुए हैं। आगामी अप्रैल, मई और जून महीने में होने वाले दर्जनों कम्पीटिशन व एंट्रेंस एग्जाम होंगे। ऐसे में सुबह से देर रात तक नालंदा लाइब्रेरी और देर शाम तक तक्षशिला लाइब्रेरी में प्रतिभागी स्टूडेंट्स तैयारी कर रहे हैं। नालंदा व तक्षशिला लाइब्रेरी स्टूडेंट्स के लिए इन परीक्षाओं में सफलता अर्जित करने में प्लेटफार्म का काम कर रही है। यही वजह है कि हर वर्ग के स्टूडेंट्स के लिए सर्वसुविधायुक्त लाइब्रेरी पहली पसंद बनी गई है। यहां पर स्टूडेंट्स एकाग्र मन से तैयारी कर अपने लक्ष्य को हासिल कर सकें, ऐसा वातावरण उलब्ध कराया गया है।

### आगामी महीनों में होने वाले एग्जाम

अप्रैल, मई और जून में प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें जेईई एडवांस 17-24 मई, यूपीएससी प्रीलिम्स 24 मई और एसएसबी कांस्टेबल 20 अप्रैल, बीआईटीएसएटी अप्रैल-मई, वीआईटीईईई 28 अप्रैल से 3 मई तक होगी। इसकी अंतिम तैयारी में प्रतिभागी स्टूडेंट्स लाइब्रेरी में सेल्फ स्टडी, कोचिंग एक्सपर्ट्स से मार्गदर्शन लेने में जुट गए हैं।

### डिमांड पर लेटेस्ट बुक्स और स्टडी मटेरियल्स

लाइब्रेरी प्रबंधन का कहना है कि स्टूडेंट्स अपने एग्जाम की बेहतर तैयारी कर सकें, इसके लिए उनके आगामी एग्जाम को लेकर बुक्स, स्टडी मटेरियल्स भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। लाइब्रेरी में स्टूडेंट्स को उनकी डिमांड की बुक्स व मटेरियल्स की जानकारी लेने डिमांड रजिस्टर रखा गया है। वहीं गर्मी के मौसम में एसी और फैन की सुविधा के साथ कूलिंग वातावरण में स्टूडेंट्स तैयारी कर रहे हैं।

● वीआईपी चौक स्थित राम मंदिर परिसर में लव-कुश नाटक का भक्तिमय मंचन किया गया

# जन्मोत्सव पर रोशन हुआ श्री राम दरबार

# जंवारा विसर्जन में सांग-बाना के साथ दिखी आस्था

शुक्रवार को रात 8 बजे रामनवीं पर वीआईपी चौक स्थित राम मंदिर परिसर में लव-कुश नाटक का भक्तिमय मंचन किया गया। श्रीराम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुंबई के कलाकारों ने लव-कुश प्रसंग का भव्य व जीवंत मंचन कर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नाटक में माता सीता का वाल्मीकि आश्रम में निवास, लव-कुश का जन्म, शिक्षा और उनके द्वारा श्रीराम द्वारा छोड़े गए अश्वमेध के घोड़े रोकने के दृश्य दिखाए गए।



**रायपुर।** कलाकारों ने लव-कुश और श्रीराम के बीच भावनात्मक संवाद प्रस्तुत किए। नाटक में दिखाया गया कि लव और कुश गुरु वाल्मीकि से शस्त्र और शास्त्र की शिक्षा लेते हुए बड़े होते हैं तथा वीर, पराक्रमी योद्धा बन जाते हैं। उधर भगवान श्रीराम अश्वमेध यज्ञ करते हैं और यज्ञ का घोड़ा छोड़ दिया जाता है कि जो भी उस घोड़े को पकड़ेगा, उसे श्रीराम से और उनके सारे योद्धाओं से युद्ध करना होगा। लव और कुश उस घोड़े को पकड़ लेते हैं और एक-एक करके सारे योद्धाओं को परास्त करते हैं, जिनमें लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, सुग्रीव, अंगद आदि योद्धा होते हैं। हनुमानजी को भी पकड़कर बांध देते हैं। तब स्वयं श्रीराम युद्ध करने आते हैं, लेकिन महर्षि वाल्मीकि और सीताजी आ जाते हैं और उनका परिचय कराते हैं। लव और कुश को सीताजी श्रीराम को सौंपकर धरती में समा जाती हैं। विशेष आकर्षण लव और कुश का अयोध्या में जाकर श्रीराम और समस्त अयोध्यावासियों के सामने रामकथा कहना रहा।











### गायत्री परिवार ने लगाए भगवान राम के जयकारे



शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर में नवरात्रि के महापूर्णाहुति का कार्यक्रम संपन्न हुआ। शक्तिपीठ के ट्रस्टियों, उपस्थित परिव्राजकों, भक्तों ने भगवान राम का जयघोष किया। सुबह मां गायत्री की विशेष पूजा-अर्चना और श्रृंगार करने के साथ ही विभिन्न प्रकार के संस्कार, जिसमें अन्नप्राशन, पुंसवन संस्कार, विद्यारंभ संस्कार, सीमंत संस्कार, जन्मदिवस संस्कार, विवाह संस्कार के साथ ही कई अन्य संस्कार कराए गए। भक्तों के लिए अमृतासन प्रसादी की व्यवस्था की गई।



### रामसागरपारा में जोत-जंवारा विसर्जन

रामसागर पारा केंवट गली से जोत-जंवारा विसर्जन यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी शामिल हुए। जोत-जंवारा विसर्जन के आयोजक भीम कुमार ने बताया कि 18 मार्च से लेकर रामनवमी तक श्रद्धालु मां आदिशक्ति की भक्ति में लीन रहे।

### पटवा समाज ने किया प्रसाद वितरण



सरोना इंद्रप्रस्थ स्थित पटवा भवन में चैत्र नवरात्रि का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। दुर्गाष्टमी के दिन विधि विधान से हवन-पूजन कर पूर्णाहुति दी गई। समाज की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस समारोह में समाज की महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमें गीत, संगीत और नृत्य शामिल रहा। बच्चों ने भी इस अवसर पर अपनी प्रतिभा दिखाई, जिसने समारोह को और भी आकर्षक बना दिया।



### श्रद्धालुओं के लिए 65 कमरों के अतिथिगृह का सौगात

श्रीराम मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी ब्रिजलाल गोयल ने बताया कि श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर वीआईपी रोड श्रीराम मंदिर में भक्तों की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर परिसर में 65 कमरों वाले फाइव स्टार होटल के तर्ज पर अतिथिगृह का उद्घाटन किया गया। इससे श्रीरामजी के दर्शन के लिए देश-दुनिया से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को ठहरने के लिए एक सर्व सुविधायुक्त आश्रय मिलेगा। इस तरह से श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर यह श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ी सौगात मिली है।



### मंदिरों में सुबह से देर रात तक धूम

वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर, जैतूसाव मठ मंदिर में श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जहां वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में सुबह 8 बजे हवन-पूजन, 9 बजे भजन का कार्यक्रम, 12 बजे श्रीरामजी का जन्मोत्सव, 12.15 बजे श्रीरामजी का अभिषेक, 1 बजे प्रसादी वितरण, शाम 7 बजे महाआरती में 21 हजार दीप प्रज्ज्वलित और मुंबई के कलाकारों द्वारा आतिशबाजी कर जन्मोत्सव मनाया गया। वहीं जैतूसाव मठ मंदिर में श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण, हनुमानजी का श्रृंगार व अभिोक कर महाआरती की गई। साथ ही 11 क्विंटल भोग सामग्री से मालपुआ का भोग चढ़ाया गया।

## लाइव इवेंट

# टीचिंग प्लान में दिखी नई शिक्षण योजना की झलक

## 11 कॉलेजों के 21 छात्र-शिक्षकों ने लिया भाग




**रायपुर।** स्टरलाइट एडइंडिया फाउंडेशन ने कोलंबिया कॉलेज रायपुर के सहयोग से अंतर-महाविद्यालय टीचिंग प्लान प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें छत्तीसगढ़ के प्री-सर्विस शिक्षकों ने भाग लिया। प्रतियोगिता पिछले दो महीनों से आयोजित की जा रही थी, जिसका यह अंतिम चरण था। यह प्रतियोगिता रायपुर, दुर्ग, जांजगीर-चांपा, कोरबा और बिलासपुर जिलों में दो चरणों में आयोजित की गई, जिसमें 11 कॉलेजों के छात्र-शिक्षकों ने भाग लिया। कुल 21 प्रतिभागियों का चयन अंतिम चरण के लिए किया गया, जिन्होंने अपने टीचिंग प्लान प्रस्तुत किए। टीचिंग प्लान प्रभावी कक्षा शिक्षण का एक महत्वपूर्ण आधार है। यह शिक्षकों को पाठ्यवस्तु को व्यवस्थित करने, स्पष्ट शिक्षण उद्देश्यों को निर्धारित करने और छात्र-केंद्रित एवं रोचक शिक्षण गतिविधियों की योजना बनाने में मदद करता है। अंतिम चरण में प्रतिभागियों ने माइक्रो-टीचिंग के माध्यम से अपने टीचिंग प्लान का वास्तविक कक्षा जैसी परिस्थितियों में प्रदर्शन किया।

### टीचिंग प्लान केवल एक दस्तावेज नहीं

यह कार्यक्रम सह-अधिगम का भी एक मंच बना, जहा प्रतिभागियों ने एक-दूसरे की शिक्षण शैली और तरीकों से सीखने का अवसर प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों के रूप में किशोर जाधवानी, चांसलर, कोलंबिया प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी; हरजीत सिंह होरा, प्रो-चांसलर; प्रो. रमन कुमार झा; तथा डॉ. अरुण कुमार दुबे, प्राचार्य, कोलंबिया कॉलेज उपस्थित रहे। स्टरलाइट एडइंडिया फाउंडेशन की ओर से डॉ. एंटनी नेलिस्सेरी (हेड), पुष्पा चंदेल (चीफ मैनेजर – अकादमिक कंटेंट एवं डिजिटल लर्निंग), पंकज गुराव (असिस्टेंट मैनेजर – ऑपरेशंस), रघुनाथन नायर, रितेश कुमार, मनवेंद्र सिंह (प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर) और यश घाटगे (कम्युनिकेशंस) उपस्थित रहे।


## पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में श्री हनुमान चालीसा महापाठ में शामिल हुए सुधि श्रोता

# कुमति और सुमति का भेद समझें, डिजिटल युग में बच्चों को कुसंग से बचाने सपरिवार करें हनुमान चालीसा पाठ

'शहर के जीई रोड स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सैकड़ों सुधि श्रोताओं ने श्री हनुमान महापाठ समिति तथा जीवन प्रबंधन समूह की पहल पर 18वें वर्ष भी आयोजित श्री हनुमान चालीसा महापाठ का वाचन एक लय में किया। टीवी चैनल के जरिए 100 देशों में इसे प्रसारित भी किया गया। वहीं रामनवमी के अवसर पर शुक्रवार की शाम साढ़े 7 से साढ़े 8 के बीच जीवन प्रबंधन गुरु पं. विजय शंकर मेहता ने हनुमान चालीसा के दो दोहे और तीन चौपाइयों की व्याख्या करते हुए कहा कि कुमति और सुमति के भेद को समझने का समय अब आ गया है। डिजिटल युग में बच्चों को कुसंग से बचाने के लिए सपरिवार हनुमान चालीसा पाठ करने की सलाह दी।'







**रायपुर।** श्री हनुमान महापाठ समिति के इस आयोजन में राजेश्री महंत रामसुंदर दास, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी के साथ निगम के पूर्व सभापति प्रमोद दुबे, चतुर्भुज अग्रवाल मंचस्थ रहे। श्रोताओं के बीच शिवनारायण मुंदड़ा, मोहन पवार, मुकेश शाह के साथ ही आयोजन समिति से जुड़े लोग सपरिवार शामिल हुए। इसके लिए आभार व्यक्त करते हुए हमारे हनुमान की कड़ी को व्याख्यान से जोड़ते हुए पं. विजय शंकर मेहता व्यासपीठ से बोले कि संसार में झूठ बोलना अगर गलत बात है तो सच बोलना भी सबसे कठिन काम है। इससे बचने के लिए लोग आसान काम के रूप में चापलूसी करने लगे हैं। आज के इस डिजिटल युग में इस विधा को शार्टकट के रूप में उपयोग किया जाने लगा है। महाराज ने कुमति निवारि सुमति के संगी पर व्याख्यान देते हुए कहा कि अभी मनुष्य के सामने तीन चुनौतियां हैं। इसे स्क्रीन टाइम, साइबर क्राइम और एआई के रूप में देखा जा रहा है। इनका तोड़ हनुमान चालीसा में निहित है, जिसे सिर्फ समझने की जरूरत है।

### स्क्रीन टाइन, एआई और साइबर अटैक से बच्चों को बचाए


महाराजजी ने हनुमान चालीसा महापाठ के 18वें वर्ष दो दोहे और तीन चौपाइयों पर चर्चा की। हनुमानजी की शक्तियों पर बात की। साथ ही माताओं को सलाह देते हुए कहा कि स्क्रीन टाइम, एआई और साइबर अटैक से बच्चों ही नहीं, परिवार के लोगों को भी बचा सकते हैं। सबसे पहले उन्हें इससे दूरी बनाते हुए जरूरत तय करनी होगी। इसके बाद ही फैले जाल से बच्चों को बचाने का प्रयास करें। इसके लिए हनुमान चालीसा में बताए जा रहे दो दोहे और तीन चौपाइयों को आत्मसात करना होगा। इनमें ही वर्तमान दौर में पनप रही समस्याओं का समाधान समाहित है। इसका बोध कराने के लिए अप्रैल माह से ऑनलाइन क्लास शुरू करने की जानकारी भी उन्होंने श्रोताओं को दी।

### जीवन और परिवार में बदलाव की बयार बहेगी

श्री हनुमान पाठ करने से सोशल मीडिया और बढ़ते साइबर अटैक ही नहीं, एआई से मिलने वाली चुनौतियों से छुटकारा मिलेगा। महा1राजजी ने प्रसव से पहले ही नहीं, बड़े बेटे-बेटियों को भी संस्कारी बनाने में महिलाओं की सहभागिता पर जोर देते हुए कहा कि माताएं हनुमान पाठ से जुड़ जाएं तो परिवार के लोग खुद जुड़ जाएंगे, इससे उनके बच्चों को भविष्य की चुनौतियों को पार करने का रास्ता मिल जाएगा। इस प्रयास को अब जल्द शुरू करना होगा, तभी जीवन और परिवार में बदलाव की बयार बहेगी। उन्होंने कई कहानियों के जरिए भी इसके कुप्रभाव को बताने का प्रयास किया। इसे लोगों ने करतल ध्वनि से सहमति देते हुए एक साथ हनुमान चालीसा का महापाठ किया।

## सिटी लाइव

# मानसिक शांति के लिए रोटरी क्लब का माइंड बीडी रीसेट मास्टर क्लास



**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर रॉयल द्वारा भी एक विशेष मास्टर क्लास 'माइंड बॉडी रीसेट का आयोजन किया जा रहा है। शांतिनगर स्थित विमतारा में किया जा रहा है। यह दो घंटे का सत्र प्रतिभागियों को तनाव मुक्ति, बेहतर स्वास्थ्य, मानसिक शांति के लिए बेहतर अवसर देगा। इस विशेष क्लास में एक सरल एवं व्यावहारिक मार्गदर्शन लोगों को प्राप्त होगा। रोटरी क्लब ऑफ रॉयल के अध्यक्ष डॉ. नवीन बागरेचा ने बताया, इस क्लास की विशेषता यह है कि इसमें केवल सैद्धांतिक जानकारी ही नहीं, अनुभवात्मक अभ्यास भी कराए जाएंगे। इससे प्रतिभागी स्वयं इस प्रक्रिया को महसूस कर सकेंगे। शुक्रवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकारवार्ता में डॉ. बागरेचा ने यह जानकारी दी।

### सुरभि पंड्या की उपस्थिति का मिलेगा फायदा

उन्होंने बताया कि इस मास्टर क्लास में प्रसिद्ध ऑन्कोलॉजिस्ट, होलिस्टिक फिजिशियन एवं हिप्नोथेरेपिस्ट डॉ. अनिल सिंघवी (इंदौर) तथा ट्रांसफॉर्मेशनल कोच एवं अंतर्राष्ट्रीय वक्ता सुरभि पंड्या (न्यूयॉर्क) मार्गदर्शन प्रदान करेंगी। शुक्रवार की रात करीब 8 बजे शुरू होने वाले इस क्लास में उनकी उपस्थिति का लोगों को फायदा मिलेगा। उन्होंने अब तक 28 देशों सहित भारत के सभी बड़े शहरों में मास्टर क्लास ली है। रायपुर में यह उनका यह पहला आयोजन है। रोटरी क्लब ऑफ रॉयल के सचिव अमित खंडेलवाल के साथ कोषाध्यक्ष अंकित गोयल, मनीष अग्रवाल ने बताया कि इसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागी शिरकत करेंगे।

# हारमोनियम की जगह लाइव कंसर्ट, रिकॉर्डिंग के साथ म्यूजिक थेरेपी में भी पियानो का क्रेज


**रायपुर।** एक समय था जब सात सुरों को साधने के लिए हारमोनियम का इस्तेमाल प्राथमिकता से किया जाता था, लेकिन अब आधुनिक दौर में इसकी जगह पियानो ने ले ली है। इसे बजाने का शौक अब बच्चों और युवाओं समेत हर एज ग्रुप के लोगों में तेजी से बढ़ रहा है। पियानो अब सुर साधना के साथ लाइव कंसर्ट और रिकॉर्डिंग ही नहीं, बल्कि इसका क्रेज म्यूजिक थेरेपी के रूप में बढ़ने से हर वर्ग के संगीतप्रेमी इसे प्राथमिकता देने लगे हैं। पियानो आर्टिस्ट को कमाई के चौतरफा विकल्प मिलने से युवाओं का रुझान इस विधा के प्रति तेजी से बढ़ रहा है। पियानो आर्टिस्ट एवं रिकॉर्डिंग से जुड़े अनुराग देवांगन ने बताया कि स्टूडियो वर्क में भी पियानो का इस्तेमाल अब बढ़ गया है।

### विधा में पारंगत विद्यार्थी बन रहे आत्मनिर्भर

छालीवुड फिल्मों में बैकग्राउंड म्यूजिक देने वाले पियानो आर्टिस्ट सोनू दत्त पंडा ने बताया कि संगीत महाविद्यालयों से तालीम लेने वाले कलाकारों के तरकश में अब आधुनिक इंस्ट्रूमेंट्स जुड़ने लगे हैं। सुरों की साधना करने वाले पियानो वादन को कॅरियर के रूप में भी अपनाने लगे हैं। पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी इसमें पारंगत होने के बाद इसे आत्मनिर्भरता की अहम कड़ी के रूप में अपना रहे हैं। पढ़ाई करते हुए वे खाली समय में रिकॉर्डिंग और स्टेज शो का हिस्सा बनकर कमाई भी करने लगे हैं। इस विधा के हुनरमंदों की शहर में कमी नहीं है।



### इलाज में इस्तेमाल से बढ़ी म्यूजिशियन की जरूरत



लाइव कंसर्ट सहित रिकॉर्डिंग के लिए पियानो वादन करने वाले हर्ष अवधिया ने बताया कि कलाप्रेमी अब वाद्ययंत्रों में लगाव होने से बेस मजबूत करने के लिए आधुनिक तकनीक से जुड़े इंस्ट्रूमेंट्स को बजाने में पारंगत होने प्रशिक्षण भी लेने लगे हैं। इसे संगीत को आगे बढ़ाने में जहां मदद मिल रही है, वहीं काम के लिए भी इंतजार करने जैसी स्थिति नहीं है। उन्होंने बताया कि अब मनोरोगियों का इलाज करने के लिए म्यूजिक थेरेपी में भी पियानो का उपयोग किया जाने लगा है। इसे देखते हुए पियानो वादन करने वालों की जरूरत भी तेजी से बढ़ी है।



### बुद्धिजीवी वर्ग को काफी पसंद है पियानो का संगीत

सोनी टीवी के इंडियाज गॉट टैलेंट शो में परफार्म कर चुके पियानो एवं की-बोर्ड प्लेयर सत्यम का कहना है कि पियानो का संगीत अधिकांश संगीतप्रेमियों का बेहद लुभाता है। पुरानी फिल्मों में इसका काफी प्रयोग होता था। अब वर्तमान में बुद्धिजीवी वर्ग यथा बैंक अधिकारी, आईएएस-आईपीएस आदि के ग्रुप किसी सेरेमनी में अपने लिए पियानो वादन का शो रखना काफी पसंद करते हैं। युवाओं समेत सभी वर्ग में इसका क्रेज बढ़ रहा है। विश्व पियानो दिवस हर साल वर्ष के 88वें दिन यानी 28 मार्च को मनाया जाता है। यह दिन पियानो की 88 कुंजियों के सम्मान में और इस वाद्ययंत्र के ऐतिहासिक, संगीत और तकनीकी से जुड़े महत्व को बताने के लिए जश्न के रूप मनाने की परंपरा वर्षों पुरानी है। इस दिवस को पियानो के प्रति समर्पित सेवा और साधना की याद में सेलिब्रेट किया जाता है। इसे पियानो प्रेमी उत्सव के रूप में ग्रुप वादन करते हुए सेलिब्रेट करते हैं। विदेशों में इस वाद्ययंत्रों से जुड़े आर्टिस्ट आपसी तालमेल से बड़े आयोजन भी करते हैं।



### वैश्य एकता दिवस पर गोमाता की सेवा दुर्घटनाग्रस्त गाय का किया उपचार

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा वैश्य एकता दिवस व गौ सेवा दिवस के अवसर पर ग्राम बाना स्थित लीलावती देवी भगवानदास गौरव सेवा मंदिर (गोशाला) में गौ सेवाकर मनाया गया। जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री एवं प्रवक्ता राजकुमार राठी ने बताया कि इस गोशाला में विशेष रूप से उन गोमाताओं की सेवा की जाती है, जो दुर्घटनाग्रस्त हो चुकी हैं, जिनके पैर नहीं हैं या जो असहाय अवस्था में हैं। उनकी देखभाल, उपचार एवं संरक्षण की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई है। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त गोमाताओं को लाने के लिए एम्बुलेंस सेवा भी उपलब्ध है, जिससे उन्हें समय पर उपचार मिल सके। इस सेवाकार्य में गोशाला के संचालक सुरेश जिंदल निरंतर समर्पण भाव से सेवा में लगे हुए हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, संरक्षक अशोक गुप्ता, सुभाष साहू, प्रदेश महामंत्री राजकुमार राठी, शिवरतन गुप्ता, संजय चौधरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर गोमाताओं की गुड़, लौकी, केला, टमाटर, गोभी, खीरा खिलाकर सेवा की। प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के हर जिले में वैश्य महासम्मेलन द्वारा आयोजित किया गया।

## कैंपस लाइव

# समाजसेवा, स्वच्छता सहित पर्यावरण संरक्षण पर मंथन



**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना सलाहकार समिति की 21वीं बैठक का शुक्रवार को कृषि कालेज के सभाकक्ष में आयोजन किया गया। इसमें समाजसेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं युवा सशक्तिकरण जैसे विषयों पर व्यापक चर्चा की गई। कुलपति डॉ गिरीश चंदेल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक की शुरुआत अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा द्वारा "स्वयं से पहले आप" के प्रेरणादायक संदेश के साथ किया गया। उन्होंने स्वच्छता को जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाने पर जोर दिया। इसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना की राज्य समन्वयक डॉ. नीता बाजपेयी ने रक्तदान के महत्व को रेखांकित किया।

### प्लास्टिक की बोतलों का इस्तेमाल कम करें

बैठक में "ग्रीन आर्मी संस्था" के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जलस्रोतों की सफाई, वृक्षारोपण तथा नशामुक्ति जैसे कार्यों पर विशेष चर्चा की गई। जल संरक्षण के संदर्भ में यह चिंता व्यक्त की गई कि बढ़ते प्रदूषण के कारण जलस्रोत प्रभावित हो रहे हैं। सिंगल-यूज प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने तथा प्लास्टिक बोतलों के प्रयोग को कम करने का संकल्प भी लिया गया। डॉ. रत्ना नशीने ने राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से युवाओं को समाजसेवा से जोड़ने की आवश्यकता पर बल देते हुए अपने अनुभव साझा किए। डॉ. आशुतोष ने कार्यशालाओं एवं बैठकों को ज्ञान और जागरूकता को माध्यम बताया, वहीं साक्षी सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से पिछले चार वर्षों में हुए कार्यों की व्याख्या की।

## तार्किक जवाबों से वैचारिक समस्या का किया समाधान

### आचार्य प्रशांत ने युवाओं को बताई मुक्त जीवन की राह

# डर करा रहा है सबकुछ, हम अच्छे काम भी इसलिए करते हैं कि कहीं पाप न लग जाए!

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** आज हर युवा अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए पैसों के पीछे भाग रहा है। वह अधिक से अधिक कार्य कर रहा है, लेकिन उसने कभी खुद से यह नहीं पूछा होगा कि उसे अपना जीवन चलाने के लिए कितने पैसों की आवश्यकता है। अगर मैं कहूं कि मुझे कोई बीमारी है, लेकिन क्या बीमारी है, यह पता नहीं तो मैं कैसे जान पाऊंगा कि मेरी बीमारी के इलाज में कितने पैसे लगेंगे? हर व्यक्ति को यह पता होना चाहिए कि उसे कितने पैसों की जरूरत है, जिससे उसका जीवन अच्छे से बीत सके। इस दिशा में जब आप काम करेंगे, तो भेड़चाल से हट जाएंगे। यह कहना है दार्शनिक, लेखक और वक्ता आचार्य प्रशांत का, जिन्होंने मैग्नेटो मॉल में शुक्रवार को लोगों से विभिन्न विषयों को लेकर अपने विचार साझा किए। उनके तार्किक जवाबों ने युवाओं को प्रभावित किया। उन्होंने युवाओं से बंधनों से मुक्त जीवन के बारे में चर्चा की। आचार्य प्रशांत ने अपने अनुभवों के आधार पर जीवन की नई दिशा के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि लोग कहते हैं कि मैंने बी-टेक, आईआईएम व यूपीएससी क्लीयर करने के बाद सब छोड़ दिया और अब यह सब कर रहा हूं। यह गलत है, मैंने कुछ भी नहीं छोड़ा है। मैंने अपनी पढ़ाई पूरी की और आज भी मैं पढ़ता हूं। मैंने केवल बंधे हुए रास्तों की गुलामी छोड़ी है। यह मेरे लिए मुक्ति है।





### जीवन में डर सब चुनवाता है

आचार्य प्रशांत ने डर को लेकर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि आज डर हमसे सब चुनवा रहा है। आप अच्छा काम भी इसलिए करते हैं, क्योंकि आपको पाप का डर है। हमारे आत्मीय संबंध भी डर से जुड़े हुए हैं। डर अपने आप में कुछ है, जो अहंकार और भय के रूप में आपके साथ चलते हैं। मैं कहता हूं कि अपने भीतर कुछ है, वही जीवन है।

### सेटल होने का अर्थ ही गलत

युवाओं को करियर में सेटल होने का अर्थ समझाते हुए उन्होंने कहा, लोग आज समझते हैं कि अच्छी नौकरी और घर होना ही सेटल हो जाना है। यह अर्थ ही गलत है। आज जो कह रहा है कि मैं सेटल हो गया हूं, यह बात अपने आप में धोखा है। व्यक्ति को चिता पर ही स्थिरता मिलती है। मैं कहता हूं कि सेटल होने का अर्थ भीतर की स्थिरता है। बहता हुआ पानी निर्मल होता है, अगर उसे रोक दो तो वह गंदा कहलाता है। जीवन की धारा को रोकने का प्रयास कभी मत करना। हमें बाहर से नहीं, भीतर से सेटल होना है।

### ज्ञान वही जो आजादी दे

आचार्य प्रशांत ने चर्चा के दौरान कहा कि लोगों ने अब दो तरह की दुनिया बना ली है। जब वह दुखी होते हैं तो एक से दूसरी दुनिया में चले जाते हैं। मैंने एक ही दुनिया में रहना है। उन्होंने कहा कि ज्ञान वही है, जो हमें आजादी दे। युवाओं से कहा कि मुक्ति का मतलब उन जंजीरों से है, जिन्हें मैंने तोड़ा है। वर्तमान में जो रिस्क ले रहा है, वह अपनी ओर से सही है। मैं रोज लेता हूं, जो कुछ भी करता हूं उसका परिणाम नहीं देखता हूं।

# इग्नू अब नहीं कराएगा साइकोलॉजी की पढ़ाई, दाखिला प्राप्त छात्रों की उपाधि रहेगी मान्य

## यूजीसी ने सत्र 2025-26 से क्लिनिकल प्रैक्टिस वाले विषयों की डिस्टेंस लर्निंग पर लगाई है रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने दूरस्थ शिक्षा मोड में प्रतिबंधित कोर्सों को लेकर उठे विवाद के बीच स्थिति स्पष्ट कर दी है। इग्नू ने कहा है कि सोशल मीडिया पर इस तरह के दावे फर्जी हैं कि साइकोलॉजी, न्यूट्रिशन, माइक्रोबायोलॉजी जैसे कुछ कोर्सों में दूरस्थ शिक्षा मोड से जुलाई 2025 में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों की डिग्री मान्य नहीं होगी। जुलाई 2025 सत्र में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों की पढ़ाई जारी रहेगी, उन्हें परीक्षा देने की अनुमति मिलेगी और उनकी डिग्री पूरी तरह वैध मानी जाएगी। दरअसल, वर्ष 2021 के बाद लागू नए नियमों के तहत स्वास्थ्य और संबंधित विषयों में प्रायोगिक प्रशिक्षण अनिवार्य कर दिया गया था। इसके बाद विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सत्र 2025-26 से साइकोलॉजी, न्यूट्रिशन, माइक्रोबायोलॉजी जैसे कुछ कोर्सों में दूरस्थ शिक्षा मोड से नए दाखिले पर रोक लगाने के निर्देश दिए थे। इसी बीच इंटरनेट मीडिया पर यह दावा किया जाने लगा कि बैन के बाद भी जुलाई 2025 सत्र में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने इन कोर्स में दाखिला ले लिया। इससे विद्यार्थियों के बीच असमंजस फैल गया कि उनकी डिग्री मान्य होगी या नहीं और क्या उन्हें परीक्षा में बैठने दिया जाएगा।

### जनवरी से प्रवेश बंद

इसके साथ ही विश्वविद्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि जनवरी 2026 सत्र से इन कोर्सों में नए दाखिले पूरी तरह बंद कर दिए गए हैं। यानी अब नियमों के अनुसार आगे किसी नए छात्र को इन कोर्सों में दूरस्थ शिक्षा के जरिए दाखिला नहीं दिया जा रहा है। इन कोर्सों में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों ने इग्नू की आधिकारिक सूचना के बाद राहत की सांस ली है। उन्हें इग्नू की इस स्पष्टता से बड़ी राहत मिली है। छात्र पिछले कई माह से अनिश्चितता में थे। बीते वर्ष दाखिला लेकर फीस जमा कर पढ़ाई शुरू कर चुके छात्रों को डर था कि कहीं उनकी मेहनत और समय बेकार न हो जाए।



### बढ़ाई गई है तिथि

इधर, इग्नू ने अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए दाखिले की तिथि बढ़ा दी है। पूर्व में जनवरी अंत तक ही छात्रों को मौका दिया गया था। इसमें वृद्धि करते हुए फरवरी में भी छात्रों को प्रवेश का अवसर दिया गया। अब इच्छुक अभ्यर्थी 30 मार्च तक पसंदीदा पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं। इस सत्र में बीए, बीकॉम, एमए के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की सुविधा दी जा रही है। विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली वार्षिक है। वर्ष में एक बार ही परीक्षा आयोजित होती है। इससे विशेष रूप से कामकाजी लोगों को अधिक अवकाश लेने की आवश्यकता नहीं पड़ती और वे आसानी से अपनी पढ़ाई जारी रख सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### श्रीराम सेना ने किया जोत जंवारा विसर्जन यात्रा का स्वागत



**रायपुर।** रामनवमी के अवसर पर कलश ज्योति जंवारा विसर्जन यात्रियों का श्रीराम सेना रायपुर ने स्वागत किया। इस दौरान रामसैनिकों ने पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। इस संबंध में श्रीराम सेना रायपुर के जिला अध्यक्ष शक्ति दुबे ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि श्रद्धालुओं को भंडारा प्रसाद भी वितरित किया गया। इस मौके पर श्रीराम सेना के संस्थापक, प्रदेश अध्यक्ष श्रवण अन्नू रक्सेल ने बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर जंवारा यात्रियों पर पुष्पवर्षा की। अस दौरान महानगर अध्यक्ष जितेश सोनी, आदर्श चतुर्वेदी, आकाश मानिकपुरी, ऋषभ रक्सेल, जिला संयोजक कमल राव मलंकर समेत बड़ी संख्या में रामसैनिक उपस्थित रहे।

### डॉ. स्नेहलता को दिल्ली में व्यंग्य यात्रा सम्मान



**रायपुर।** दिल्ली में विगत 21 मार्च को डॉ. प्रेम जनमेजय की व्यंग्य यात्रा के बैनर तले देश के कई व्यंग्यकार सम्मानित हुए। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ की स्थापित साहित्यकार एवं व्यंग्यकार डॉ. स्नेहलता पाठक को निरंतर व्यंग्य लेखन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान बनाने पर शारदा त्यागी व्यंग्य यात्रा सम्मान से स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर डॉ. प्रेम जनमेजय अध्यक्ष प्रबंध समिति, रणविजय राव महासचिव प्रबंध समिति एवं ममता कालिया अध्यक्ष, चयन समिति द्वारा सम्मानित किया गया। डॉ. पाठक के दिल्ली में मिले सम्मान पर वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव सुरेश मिश्रा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुणनिधि मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा, प्रदेश महासचिवद्वय अजय अवस्थी, डॉ. सुनील कुमार ओझा, संभागीय अध्यक्ष नितिन कुमार झा, प्रदेश सलाहकार रज्जन अग्निहोत्री, युवा अध्यक्ष अविनय दुबे, महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा, महिला महासचिव सुमन मिश्रा, राघवेंद्र पाठक, रामवृत तिवारी, अभिषेक त्रिपाठी, सतीश शर्मा, उमेश शर्मा आदि ने हर्ष जताया है।

## नगर निगम की बड़ी लापरवाही

# टैंकर से गंदे पानी की सप्लाई, भड़के संकल्प सोसाइटी फेज-2 के रहवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





गर्मी के दिनों में अब कई इलाकों में पानी की समस्या देखी जा रही है। इस समस्या के कारण कई कालोनी एवं बस्तियों में मांग के अनुसार टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति भी की जा रही है, लेकिन टैंकर के माध्यम से जो पानी पहुंचाया जा रहा है, वह पीने योग्य है भी या नहीं, इसकी जांच तक नहीं की जाती। यही कारण है कि शुक्रवार को जोन-2 अंतर्गत संकल्प सोसाइटी में निगम का एक पानी टैंकर पहुंचा, जिसका पानी मटमेला और गंदा था। पानी को देखकर यहां के लोग भड़क उठे और टैंकर चालक से गंदा पानी लाने की वजह पूछने लगे। इस बात पर टैंकर चालक लोगों से विवाद करने लगा। यह विवाद इतना बढ़ गया कि इसे सुलझाने के लिए जोन कमिश्नर राकेश शर्मा को देर रात मौके पर पहुंचना पड़ा। हालांकि उन्होंने भी टैंकर चालक का बचाव करते हुए यह कह दिया कि टैंकर में पानी भरने वाली जगह पर काम चल रहा है, इस कारण से गलती से गंदा पानी आ गया है।

संकल्प सोसाइटी फेज-2 के रहवासियों ने बताया कि आज उनके कालोनी में एक कार्यक्रम था। इसके लिए उन्होंने जोन कार्यालय में आवेदन देकर पीने के लिए पानी का एक टैंकर मंगाया था। इस आवेदन पर एक पानी टैंकर भी कालोनी पहुंचा। लोगों ने जब टैंकर से पानी लेना शुरू किया, तो उसमें से गंदा पानी निकला। इसके बाद लोगों ने टैंकर का ढक्कन खोल कर पानी को जांचा, तो पानी मटमेला रंग का था। पानी को देखकर लग रहा था, कि उसमें मिट्टी घुली हुई है। इस पानी को देखकर लोगों ने टैंकर चालक से सवाल-जवाब किए, लेकिन चालक सवाल का जवाब देना छोड़ उल्टे लोगों से उलझने लगा। इसके बाद लोगों ने इसकी शिकायत जोन कमिश्नर से की। घटना की गंभीरता को देखते हुए जोन कमिश्नर भी आनन-फानन में रात करीब 10 बजे मौके पर पहुंचे और लोगों से बातचीत की। लोगों ने बताया कि जोन कमिश्नर ने यह कहते हुए इस मामले को मामूली बताया कि यह गलती से हुआ है। जिस जगह पर टैंकर में पानी भरा जाता है, वहां काम चल रहा है। इस कारण गलती से पानी गंदा हो गया है। इसे बदलवा देता हूं। यह कहकर कमिश्नर वापस लौट गए। इधर लोगों का कहना है कि इतनी बड़ी लापरवाही के बाद भी इस मामले में जोन कमिश्नर ने कोई एक्शन नहीं लिया। उनका कहना है कि यह गलती से हुई है या फिर हमेशा इसी प्रकार लापरवाही बरती जाती है। इसकी जांच होनी चाहिए।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने बच्चा नहीं होने पर ससुराल पक्ष के लोगों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। मर्ग कायम कर पुलिस लाश को पोस्टमार्टम के लिए मरचुरी भेज पड़ताल कर रही है। घटना शुक्रवार की है। पति ने अपनी पत्नी के फांसी लगाकर खुदकुशी करने की पुलिस को जानकारी दी है।



■ बच्चा नहीं होने पर प्रताड़ना का आरोप

आंबेडकर चौक निवासी सुरेश गुप्ता की पत्नी पिंकी गुप्ता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हुई है। पिंकी के फांसी लगाए जाने की जानकारी मिलने पर पिंकी के पति तथा परिजन पुलिस को बगैर सूचना दिए एंबुलेंस बुलाकर उसे उपचार कराने अस्पताल ले गए। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने पिंकी की मौत होने की पुष्टि की। बताया जा रहा है कि एंबुलेंस स्टाफ ने मौके की स्थिति को देखते हुए खुद पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मामला सामने आया। पिंकी के मायका वालों ने पुलिस को बताया है कि वे उत्तरप्रदेश, बनारस के रहने वाले हैं। पिंकी के ससुराल वालों का उनके पास घटना दिनांक को तड़के चार बजे कॉल आया था। कॉल कर उन्हें बताया गया कि पिंकी के पेट दर्द होने पर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दोबारा काल करने पर पिंकी की मौत की सूचना दी गई। पिंकी की सुरेश के साथ 22 वर्ष पूर्व शादी हुई थी। शादी के इतने साल बाद भी बच्चा नहीं होने पर पिंकी के मायके के लोगों ने पति तथा अन्य परिजनों पर प्रताड़ना का आरोप लगाए हैं।

# बायोमेडिकल वेस्ट शुल्क पर आईएमए का ऐतराज, वजन के आधार पर तय होगी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण के लिए तय किए गए शुल्क पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने आपत्ति की है। तर्क दिया गया है कि प्रति बेड के आधार पर तय शुल्क से छोटे अस्पतालों पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है। नियम में बदलाव का कर यह कचरा उठाने के लिए वजन के आधार पर फीस तय करने की मांग की गई। इस आधार पर संभागायुक्त महादेव कांवरे ने वजन आधार पर शुल्क लेने की व्यवस्था लागू करने कहा। आईएमए द्वारा एक के बजाए तीन कंपनी को बायोमेडिकल वेस्ट उठाने का काम देने पर जोर दिया गया।

■ संभागायुक्त की अध्यक्षता में बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन पर संभाग स्तरीय मंथन

बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण के लिए वर्ष 2025-26 के लिए शुल्क दरों के पुनर्निर्धारण के संबंध में शुक्रवार संभागायुक्त महादेव कावरे की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में रायपुर संभाग के सभी जिला कलेक्टर, सीएमएचओ, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारी तथा बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण से जुड़े सर्विस प्रोवाइडर एसएमएस कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डा. अनूप वर्मा ने छोटे, डेंटल एवं फिजियोथेरेपी क्लिनिक पर लगाए जा रहे बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन शुल्क को समाप्त करने की मांग की। उनका तर्क था कि इन संस्थानों में कचरे का उत्पादन अत्यंत सीमित होता है। बिस्तर के आधार पर तय शुल्क के नाम पर अनावश्यक आर्थिक भार डाला जा रहा है जो अनुचित है।

सुझाव दिया कि बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन शुल्क को बिस्तरों की संख्या के बजाय वास्तविक रूप से उत्पन्न कचरे के वजह के आधार पर निर्धारित किया जाए। संबंधित कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा कम वजन दिखाने के तर्क पर रायपुर आईएमए अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सोलंकी ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई।

### कई क्लिनिक सूची से हटेंगे

संभागायुक्त कावरे ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन स्वास्थ्य संस्थानों का पंजीयन लंबित है, उनका शीघ्र पंजीयन सुनिश्चित किया जांच, एनओसी प्रक्रिया का सरलीकरण, दूरस्थ क्षेत्रों के अस्पतालों एवं क्लिनिकों का शीघ्र पंजीयन सुनिश्चित करना तथा ऐसे संस्थानों को व्यवस्था से पृथक करना शामिल रहा, जहां बायोमेडिकल वेस्ट उत्पन्न नहीं होता। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2022 से अस्पतालों से प्रति बेड के आधार पर शुल्क लिया जा रहा है, जिसमें प्रतिवर्ष 7.5 प्रतिशत की वृद्धि की जा रही है। रायपुर संभाग में लगभग 1600 अस्पताल एवं क्लिनिक संचालित हैं, जिनका बायोमेडिकल वेस्ट सिलतरा स्थित यूनिट में वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित किया जाता है।

# दाखिला सिर्फ पहली में, आरटीई सीट 53 हजार से घटकर 19 हजार यह अब तक का न्यूनतम स्कोर

**रायपुर।** शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत निजी स्कूलों में गरीब बच्चों के लिए आरक्षित सीटों पर दाखिले की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। छात्रों पंजीयन 31 मार्च तक होगा। पोर्टल 16 फरवरी से खोला गया था। इसके बाद दस्तावेज सत्यापन सहित अन्य प्रक्रियाएं शुरू होंगी।

नए नियम के बाद प्रदेश में आरटीई की सीटें घटकर आधी से भी कम रह गई हैं। आरटीई पोर्टल पर अपलोड किए गए आंकड़ों के अनुसार, इस बार आरटीई के अंतर्गत 19,165 सीटें हैं। यह छत्तीसगढ़ में प्रत्येक सत्र में दाखिले के लिए उपलब्ध होने वाली आरटीई सीटों में सबसे न्यूनतम है। पिछले वर्ष 53,023 सीटों में प्रवेश दिए गए थे। सीट संख्या में इतनी कमी से पालक भी निराश हैं। दूसरी ओर, निजी स्कूल संघ ने बिलासपुर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। मामले की सुनवाई भी प्रारंभ कर दी गई है।

### सत्रवार दाखिल छात्रों की संख्या

सत्र 2012-13 - 25,084
सत्र 2013-14 - 33,560
सत्र 2014-15 - 44,117
सत्र 2015-16 - 25,876
सत्र 2016-17 - 37,933
सत्र 2017-18 - 44,935
सत्र 2018-19 - 40,254
सत्र 2019-20 - 48,167
सत्र 2020-21- 52,680
सत्र 2021-22 - 40,000
सत्र 2022-23- 56,679
सत्र 2023-24- 51,599
सत्र 2024-25- 50,117
सत्र 2025-26 - 53,023

### न्याय की उम्मीद

सरकार का यह फैसला छात्रों संग भेदभावपूर्ण है। हमने न्यायालय में गुहार लगाई है। न्याय की उम्मीद है।

- राजीव गुप्ता, अध्यक्ष, निजी स्कूल संघ















Contact to Add Your School - 7987119756





















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## फैंस से फिर रूबरू होगीं माईली, जल्द लौटेगा हैना मोंटाना शो



पॉपुलर शो 'हैना मोंटाना' के बीस साल पूरे होने की खुशी में माईली साइरस ने फैंस को एक खास तोहफा दिया है। दरअसल, माईली साइरस के पॉपुलर शो 'हैना मोंटाना' ने हाल ही में बीस साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर मेकर्स एक खास शो रखा है। शो में माईली अपने फैंस के साथ लाइव बातचीत करेंगीं। साथ ही शो के सेट को दोबारा क्रिएट कर सीरीज के अनदेखे फुटेज भी शेयर किए जाएंगे। मेकर्स ने एक पोस्ट शेयर कर बताया कि 'हैना मोंटाना' के बीस साल पूरे होने पर माईली साइरस सेट पर वापसी कर रही हैं। इस शो का प्रीमियर करने की तैयारी चल रही है। दर्शक इस शो को डिज्नी प्लस पर देख पाएंगे। यह भी कहा गया है इस शो में माईली अपने फैंस के साथ लाइव बातचीत करेंगी। इतना ही नहीं, इस मौके पर 'हैना मोंटाना' के सेट को भी दोबारा रिक्रिएट किया जाएगा। अपने करियर की इस शो से शुरूआत करने वाली माईली के लिए ये काफी खास पल होंगे। जहां शो के गानों से लेकर उसके किरदारों तक सभी यादें ताजा होंगी। हैना मोंटाना के इस प्रीमियर का टीजर भी रिलीज हो चुका है। इसमें एक कार दिखाई दे रही है जो स्टेज 9 की तरफ जा रही है। यह वही स्टूडियो है जहां हैना मोंटाना शूट होता था। इस कार की नंबर प्लेट पर एचएम-20 लिखा हुआ था। कार में माईली के काले रंग के बूट नजर आते हैं। इसके बाद इसकी डीटेल्स का अनांउसमेंट होता है। इस इवेंट के बारे में माईली साइरस ने इस शो के लेकर अपनी भावनाएं साझा की। उन्होंने कहा, 'यह शो मेरे लिए काफी मायने रखता है। मेरे जीवन में जो कभी एक शो की तरह शुरू हुआ था उसने मुझे कई अनुभव दिए। वैसे ही फैंस भी इससे जुड़े रहे।

### टॉलीवुड

## 'नागबंधम' के निर्माताओं ने जुलाई का किया वादा, एक्शन-एडवेंचर पर आधारित है फिल्म



निर्देशक अभिषेक नामा की फिल्म 'नागबंधम' का हाल ही में टीजर जारी किया गया था। जिसे सुपरस्टार महेश बाबू ने 'महाशिवरात्रि' के शुभ अवसर पर रिलीज किया था। आज फिल्म की रिलीड डेट की घोषणा कर दी गई है। 'नागबंधम' के निर्माताओं ने आज फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। यह फिल्म 3 जुलाई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह एक पैन इंडिया फिल्म है। इस फिल्म को अभिषेक नामा ने लिखा और निर्देशित किया है।

'नागबंधम' एक तेलुगु पौराणिक ड्रामा फिल्म है। इसका लेखन और निर्देशन अभिषेक नामा ने किया है। फिल्म में विराट कर्ण मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 'नागबंधम' के टीजर में विराट को महादेव के रूप में दिखाया गया है। विराट के अलावा इस फिल्म में नाभा नतेश, ऐश्वर्या मेनन, महेश मांजरेकर, जगपति बाबू और बाकी कलाकारों ने अभिनय किया है। इस फिल्म का निर्माण एनआईके स्टूडियो और अभिषेक पिक्चर्स के तहत किशोर अन्नपुरेड्डी और निशिता नागिरेड्डी ने किया है।

'नागबंधम' के टीजर में कोई खास डायलॉग नहीं दिखाया गया। यह हिमालय की गहराई में दबे अनंत पद्मनाभस्वामी के एक अनमोल खजाने की ओर इशारा करता है। समय आने पर जब खतरा बढ़ता है, तो इसे सुरक्षित रखने और संतुलन बनाए रखने के लिए एक रक्षक आता है।

### भोजपुरी

## सबसे ज्यादा देखा गया गाना, फैंस के व्यूज हुए 1 अरब पार



भोजपुरी में वैसे तो कई गाने हैं, जो यूट्यूब पर लगभग हमेशा ही ट्रेंडिंग में रहते हैं और व्यूज के मामले में भी रिकॉर्ड बना चुके हैं। खेसारी लाल यादव से लेकर पवन सिंह तक के कई गाने ब्लॉकबस्टर हो चुके हैं और रिकॉर्डतोड़ व्यूज पा चुके हैं। इनमें खेसारी का 'पलंग सागवान के' भी शामिल है। लेकिन एक ऐसा गाना है, जो भोजपुरी का सबसे ज्यादा व्यूज वाला गाना माना जाता है। यह गाना न तो खेसारी का है, ना पवन सिंह और ना ही मनोज तिवारी या निरहुआ है। बल्कि यह गाना रितेश पांडे का है, जिसका नाम है 'हैलो कौन' और इसे अरबों व्यूज मिल चुके हैं। 'हैलो कौन' गाना साल 2019 में रिलीज किया गया था, पर आज भी इसका जलवा कायम है। यूट्यूब पर इसे 100 करोड़ यानी एक अरब से भी ज्यादा व्यूज मिले हैं। जब यह गाना आया था, तो इस पर खूब रील्स भी बनाई गई थीं और फैंस ने इस गाने को खूब प्यार दिया। 'हैलो कौन गाने को रितेश पांडे के साथ स्नेहा उपाध्याय ने गाया। गाने में रितेश पांडे ने एक्टिंग भी की। 'हैलो कौन' को भोजपुरी का 'एक बिलियन वाला भोजपुरी सॉन्ग' कहा जाता है। यह भोजपुरी का सबसे ज्यादा व्यूज वाला गाना माना जाता है और यूट्यूब पर अभी तक सबसे ज्यादा देखे गए गानों की लिस्ट में शुमार है। इस गाने को सुनने के बाद फैंस आज भी भर-भरकर कमेंट्स करते हैं। एक ने रितेश पांडे के लिए लिखा है, 'भोजपुरी में बहुत बड़ा इतिहास रच दिए भैया।' एक और कमेंट है, 'ये रिकॉर्ड इतिहास के पन्नों में लिखा जाएगा। जब तक भोजपुरी रहेगी, रितेश पांडे को इतिहास में पढ़ा जाएगा।' रितेश पांडे भोजपुरी सिंगर के अलावा एक्टर और मॉडल भी हैं। वैसे तो वह 'बलमा बिहार वाला 2' और 'तोहरे में बसेला प्राण' जैसी भोजपुरी फिल्मों से चर्चा में आए थे, पर 'हैलो कौन' भोजपुरी गाने ने उन्हें दुनियाभर में मशहूर कर दिया।

### जादू ट्रेंड का

लाइफ स्टाइल



स्प्रिंग-समर 2026 के लिए डिजाइनर फर्म मैक्स मारा ने हकीकत और कल्पना के बीच ऐसा रंग उभारा है, जिसकी दुनिया दीवानी हो गई है। यहां मैक्स मारा की मॉडल एक ठोस आधुनिकता की प्रतीक है। यह मॉडल भव्यता से प्रेरित एक अलौकिक और सपनों जैसी पृष्ठभूमि के सामने नजर आ रही है। डिजाइनर फर्म मैक्स मारा एक ऐसी दुनिया पेश करती है जो साफ तौर पर विरोधाभासों से प्रेरित है।

## कुछ खास ब्राइडल बन डिजाइन आपके लिए

शादी का दिन हर लड़कियों के लिए बेहद ही खास होता है और इस दिन को और भी खास बनाने के लिए हेयर स्टाइल का खास ध्यान देती है अगर आप भी अपनी शादी के लिए हेयर स्टाइल के बारे में सोच रहे हैं और आपको समझ में नहीं आ रहा है क्या हेयर स्टाइल बनाए तो यह ब्राइडल बन अपने बालों बना सकते हैं जो कि आपके लिए सबसे बेहतरीन ऑप्शन हो सकती है ।

यहां पर हम आपके लिए कुछ ट्रेंडी और स्टाइलिश ब्राइडल बन डिजाइन लेकर आए हैं जो कि आप अपनी शादी बन सकते हैं या फिर रिसेप्शन के अलावा आने किसी खास ओकेजन पर बनाएंगे तो आप और भी खूबसूरत दिखेंगे कोई सा भी एथेनिक वेयर पर वन बेहद सुंदर दिखती है और अगर आप कुछ इस प्रकार से बन अपने बालों में बनाते हैं तो आप सबसे अलग और डिफरेंट दिखने वाले है। यह हैवी पर्ल बीड्स डिजाइन आपके लिए बेहतरीन विकल्प है जो कि खासकर दुल्हनों के लिए खास तौर पर अगर आपकी इंगेजमेंट है तो डेफिनेटली इस तरह के हेयरस्टाइल को बना सकते हैं इसमें ढेर सारे पर्ल को लगाया गया है साथ में फ्लावर के साथ ही डिजाइन को बनाया गया है और काफी यूनिक और डिफरेंट दिख रही है और पर दुल्हन पर इस तरह के बन काफी सुंदर दिखती है ।

इंटरनेशनल हेयरस्टाइल अभी कुछ ज्यादा ही ट्रेंड में है, इसे बालों में पर्ल लगे होता है जो इसमें सजाने के लिए फ्लावर का इस्तेमाल करता है यह आजकल कुछ ज्यादा पसंद किया जा रहा है जैसे इंगेजमेंट हो या फिर शादी वगैरा के लिए भी इस तरह के बन एकदम परफेक्ट है और आपको डिफरेंट और यूनिक लुक देने के लिए काफी है।

कोई ड्रेस पहन रहे हैं, यानी की इंगेजमेंट हो या फिर किसी की शादी में



जो की सिल्वर कलर में आप ड्रेस पहन रहे हैं क्रिस्टल वगैरा वर्क वाले तो ऐसे में चाहते हैं कुछ डिफरेंट बन बनाना क्योंकि इस तरह के आउटफिट पर फ्लावर वाले हेयरस्टाइल देखने में उतनी अच्छी नहीं लगती है तो ऐसे में आप इस तरह के पर्ल को लगाकर बाल को बना सकते हैं जो की देखने में काफी आकर्षक और मॉडल लगती है यह सिल्वर जैसे जो की वर्क वाले होते हैं उसे तरह के ड्रेस के साथ कही जाती है और आपको एक अलग और यूनिक लुक देने के लिए एकदम काफी है। अभी कुछ इस प्रकार के हेयर में फ्लावर लाकर डिजाइन इसको बनाया गया है और आप चाहे तो इसमें रियल या फिर आर्टिफिशियल फ्लावर को लगा सकते हैं ।

## जींस और ट्रॉउज़र पर पहनने के लिए शॉर्ट कुर्ती हैं सबसे पसंदीदा



इन दिनों शॉर्ट कुर्ती का काफी फैशन चल रहा है और यह आरामदायक होने के साथ ही स्टाइलिश लगती है और आप शॉर्ट कुर्ती को जींस ट्राउजर के साथ पहन सकते हैं और एक शानदार लुक पा सकते हैं। शॉर्ट कुर्ती देखने में बेहद आकर्षक लगती हैं और यह लगभग हर लड़कियां पर अच्छी लगती है। तो आप चाहे तो कैजुअल या फिर ऑफिस लुक के लिए शॉर्ट कुर्ती को ले सकते हैं यह आपके लिए परफेक्ट होती है। आपको कुछ ऐसे शॉर्ट कुर्ते दिखाएंगे जिसे आप जींस और पैंट के साथ पहन सकते हैं और यह एक बेहतरीन कांबिनेशन है। आजकल ऑफिस और कॉलेज गोइंग लड़कियां अधिकतर ही शॉर्ट कुर्तियां को पहनना काफी पसंद कर रही है। यह देखने में बेहद सुंदर दिखती है और यह आरामदायक भी होती है। तो आप ऑफिस और कॉलेज पहन कर जाने के लिए कुछ इस तरीके का शॉर्ट कुर्ती को ले सकते हैं। जो कि आप पर बेहद सुंदर देखेंगे और इसमें आप कंफर्टेबल ही फील करेंगे।





### कॉटन प्रिंटेड कुर्ती

कॉटन प्रिंटेड शर्ट कुर्तियां काफी फैशन में है और आप इसे घर में पहनने के लिए ले सकते हैं। जो कि सॉफ्ट और लाइट फैब्रिक है इसलिए बेहद ही आरामदायक होती है। इस तरह कुर्ती प्रिंटेड होती जैसे कि फ्लोर या फिर ब्लॉक प्रिंट होती है। इस कुर्ती को आप ट्राउजर के साथ पहन सकते हैं। और अगर आप ऑफिस जा रहे हैं तो कैजुअल डे के लिए आप इसे पहन सकते हैं। यह कुर्ती आपके लिए एक बेहतरीन ऑप्शन है। इसके साथ आप स्टाइलिश बैग फ्लैट को स्टाइल करके लुक को कंप्लीट कर सकती है।

### ग्रीन शॉर्ट कुर्ता

ग्रीन में आप यह लाइट ग्रीन शॉर्ट कुर्ती ले सकते हैं की हर स्किन पर बेहद अच्छा लगता है और खासकर गर्मी का मौसम भी यह शानदार दिखता है। ग्रीन शेड्स में जैसे लाइट ग्रीन या फिर ओलिव ग्रीन बभी अच्छी लगती है।

## काले, घने और लंबे बाल के लिए घर पर बनाएं खास तेल

अगर आप भी अपने बालों को काला, घना और लंबा देखना चाहती हैं, तो आपको बालों की सही देखभाल और पोषण की आवश्यकता है। इस ब्लॉग में हम आपके लिए एक होममेड तेल रेसिपी लेकर आए हैं, जिसे आप घर पर बना सकती हैं और केवल 1 महीने में कमर तक लंबे बाल पा सकती हैं। यह तेल न केवल बालों की ग्रोथ को बढ़ाता है, बल्कि बालों को मुलायम, शाइनी और हेल्दी भी बनाता है।

एक छोटी कटोरी में नारियल तेल और बादाम तेल मिलाएं। फिर इसमें आंवला पाउडर और शिकाकाई पाउडर डालें। अब इसमें नींबू का रस डालें और अच्छे से मिलाकर तेल तैयार कर लें। इस तेल को अच्छे से मिक्स करके एक छोटे बर्तन में स्टोर कर लें।

इस तेल को हल्का गर्म करें, ताकि यह स्कैल्प में अच्छे से समा जाए। अब अपने बालों की जड़ों में अच्छी तरह से मालिश करें। मालिश से रक्त परिसंचरण बेहतर होता है, जिससे बालों की ग्रोथ बढ़ती है। मालिश करने के बाद, तेल को कम से कम 1 घंटे के लिए बालों में छोड़ दें। आप इसे रात भर भी छोड़ सकते हैं। बाद में



अपने बालों को अच्छे से माइल्ड शैम्पू से धो लें। इस तेल का उपयोग सप्ताह में 2-3 बार करें, और आपको 1 महीने के भीतर असर दिखाई देगा।

यह होममेड तेल आपके बालों की ग्रोथ को तेज करने के लिए एक बेहतरीन उपाय है। नारियल तेल, बादाम तेल, आंवला पाउडर, शिकाकाई पाउडर और नींबू का रस बालों के लिए बहुत फायदेमंद हैं। ये सभी सामग्री बालों को न सिर्फ घना और लंबा बनाती हैं, बल्कि इन्हें हेल्दी भी रखती हैं। अगर आप नियमित रूप से इस तेल का इस्तेमाल करती हैं, तो आपको अपने बालों में जबरदस्त परिवर्तन दिखेगा।

## पहनती हैं हिजाब तो देखें वेराइटी, लुक्स होगा सबसे बेस्ट

बहुत सी महिलाएं और लड़कियां हिजाब बांधकर अपने सिर को कवर करके रखती हैं। जो महिलाएं हिजाब का इस्तेमाल करती हैं, उनके लिए कई बार काफी परेशानी आ जाती है कि वो कैसे तैयार हों, कि सबसे खूबसूरत दिखें।



### प्लाजो सूट

कुछ सिंपल लेकिन देखने में हैवी सूट पहनना है तो प्लाजो सूट का चयन करें। ऐसा प्लाजो सूट आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगा। नीले रंग के साथ सूट के साथ आप बेज रंग का हिजाब कैरी कर सकती हैं। उसी के मैचिंग का शरारा या प्लाजो भी आप कैरी कर सकती हैं। इसके साथ प्लाजो के मैचिंग का हिजाब पहनें, ताकि आपका लुक अच्छा दिखे।

### शरारा सूट

अक्सर ज्यादातर महिलाएं शरारा सूट पहनना पसंद करती हैं। यदि आपको भी शरारा पसंद है तो सबा के जैसा हरे रंग का शरारा पहनें। इसके साथ चाहें तो कॉन्ट्रास्ट रंग का हिजाब पहनें, ताकि आपका लुक अलग और प्यारा दिखे।

### चिकनकारी सूट

गर्मी के मौसम में कुछ हल्का पहनना है चिकनकारी सूट से बेहतर कुछ नहीं है। चिकनकारी सूट के साथ

### नायरा कट सूट

नायरा कट सूट आज-कल काफी ट्रेंड में है। इसलिए आप हिजाब के साथ ऐसा नायरा कट सूट भी ईद के दिन कैरी कर सकती हैं। इसके साथ मैचिंग की जगह कॉन्ट्रास्ट रंग का हिजाब पहनें। हाथों में चूड़ियां पहनकर अपने लुक को पूरा करें।

### फ्लोरल अनारकली

गर्मी का मौसम है, ऐसे में ऐसा फ्लोरल अनारकली सूट भी ईद में पहन सकती हैं। फ्लोरल प्रिंट का सूट आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगा। इस तरह के शिफॉन फैब्रिक के सूट में आप लगेंगी भी काफी कमाल की।

### कार्नर न्यूज

### दिखी नारी शक्ति, स्टाइलिश अंदाज में नजर आईं जया से निर्मला तक

## गर्मी के मौसम में हमारे जनप्रतिनिधियों का लुक है राहत देने वाला, संसद में छाया माननीयों का स्टाइल

संसद में महिला नेताओं ने गर्मी के लिए स्टाइल स्टेटमेंट और ट्रेंडी फैशन सेंस का शानदार प्रदर्शन किया। कंगना रणौत से लेकर प्रियंका गांधी, और जया बच्चन से निर्मला सीतारमण तक का साड़ी लुक खास रहा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य पूर्व में चल रही जंग पर संसद की दोनों सदनों को संबोधित किया। जहां एक ओर पूरे देश का ध्यान पीएम मोदी के संबोधन पर रहा तो वहीं दूसरी ओर नवरात्रि के इस पावन मौके पर सदन में भी नारी शक्ति देखने को मिली। लोकसभा से लेकर राज्यसभा की बैठक के लिए जब महिला नेता सदन पहुंचीं तो हर किसी का ध्यान उन पर ही गया।

अधिकतर महिला नेता इस मौके पर साड़ी पहनकर पहुंचीं। महिला नेताओं का स्टाइलिश और गरिमामय अंदाज अक्सर चर्चा में रहता है। एक ओर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की हैंडलूम साड़ियां तो दूसरी ओर कंगना रणौत का पारंपरिक में माडर्न टच, तो वहीं महुआ मोइत्रा का एक्सपेरिमेंटल स्टाइल हमेशा से ही सोशल मीडिया



पर छाया रहता है। इस बार भी पावर साड़ी के जरिए इन महिला नेताओं ने फैशन और राजनीति का बेहतरीन संतुलन दिखाया। गर्मी के मौसम में इन नेताओं का लुक राहत देने वाला भी रहा, साथ ही गरिमा और स्टाइल का मिश्रण भी बना। तस्वीरों में देखिए संसद पहुंची इन महिला नेताओं का स्टाइल और उनके फैशन सेंस से इस गर्मी के लिए आप भी प्रेरणा लीजिए।

### प्रियंका गांधी वाड्रा और शांभवी चौधरी

सोमवार को लोकसभा सदन पहुंचीं प्रियंका गांधी ने गहरे नीले रंग की साड़ी पहनी थी, जिसमें हल्के पैटर्न और कॉन्ट्रास्ट बॉर्डर है। उन्होंने साड़ी को बेहद सलीके से कैरी किया है, साथ में सिंपल ब्लाउज, हल्का मेकअप और छोटे ईयररिंग्स उनके लुक को एलिगेंट बनाते हैं। उनके हाथ में ब्लैक हैंडबैग है, जो प्रोफेशनल टच देता है। दूसरी तरफ शांभवी चौधरी हैं, जिन्होंने ब्लैक-एंड-व्हाइट प्रिंटेड साड़ी पहनी, साथ में सॉलिड ब्लैक ब्लाउज को पेयर किया। बड़े फ्रेम का चश्मा, बिंदी और बंधे हुए बाल उन्हें इंटेलेक्चुअल और कॉन्फिडेंट लुक दे रहे हैं।

### डीएमके सांसद की कलमकारी प्रिंट साड़ी

संसद पहुंचीं डीएमके सांसद डॉ. टी. सुमति ने अपने लुक से पूरी तरह पारंपरिक भारतीय खूबसूरती को दर्शाया। इन्होंने पीले और गुलाबी रंग की कलमकारी प्रिंट की साड़ी पहनी है। इस साड़ी पर लोककला से प्रेरित डिजाइन बने हैं, जो इसे खास और आकर्षक बना रहे हैं। साड़ी के साथ उन्होंने मैचिंग पीले रंग का ब्लाउज पहना है, जो पूरे लुक को संतुलित करता है। माथे पर बिंदी, हल्के गहने और सादगी भरा मेकअप उनके व्यक्तित्व को और निखारते हैं। हाथ में साधारण बैग और फ्लैट चप्पल उनके लुक को आरामदायक बनाते हैं। उनका स्टाइल पारंपरिक, सशक्त और आत्मविश्वास से भरा हुआ लगता है। साथ ही गर्मियों के लिए सहज है।

